**अनमोल विचार**

यह सच है कि पानी में तैरनेवाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहनेवाले नहीं, मगर ऐसे लोग कभी तैरना भी नहीं सीख पाते।

▶▶ वल्लभभाई पटेल

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

मप्र और छत्तीसगढ़ से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | शहडोल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 | वर्ष- 07 | अंक- 294 | पेज-08 | मूल्य- ₹ 5.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### एक बार फिर विमानों में बम की धमकी, आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय, उतारी गईं फ्लाइट्स

नई दिल्ली, एजेंसी । देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई।



देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई। इसे लेकर एयरलाइंस ने आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया। धमकी मिलने के बाद कई विमानों की आपात लैंडिंग कराई गई। अकासा और विस्तारा एयरलाइंस के प्रवक्ताओं ने बताया कि फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली।

### सीएनजी की कीमतों में हो सकती है 4-6 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शहरी खुदरा सप्लायर्स को सस्ती सीएनजी में कटौती की है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में सीएनजी की कीमतों में चार से छह रुपये की बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि हालांकि सरकार सीएनजी की बढ़ती कीमतों को उत्पाद शुल्क में कटौती करके नियंत्रित करने की कोशिश कर सकती है। सरकार ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत की कमी की है। अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भारत में जमीन के नीचे से और समुद्र तल से पाइपों के जरिए प्राकृतिक गैस की सप्लाई होती है। इस प्राकृतिक गैस एक तरह का क'चा माल होता है।



### प्रयागराज में सात स्तरीय सुरक्षा चक्र व्यूह से महाकुंभ बनेगा अभेद्य

**प्रयागराज, एजेंसी।** संगम तट पट पर आयोजित होने वाले दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इसकी तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। महाकुंभ को अंतरराष्ट्रीय स्तर की बुनियादी सुविधाओं से परिपूर्ण करने के साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी इसे अभेद्य बनाने के लिए रणनीतियां तैयार कर ली गई हैं। इस बार महाकुंभ में श्रद्धालुओं को सात स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के चक्रव्यूह से सुरक्षित किया जा रहा है, जिसमें 37 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात होंगे। इसके साथ ही संपूर्ण मेला अवधि के दौरान 10 प्रकार के सुरक्षा ऑपरेशन भी चलाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर इस विशेष जोर दिया जा रहा है। कुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए तेजी से तैयारी चल रही है।



### राजस्थान के धौलपुर में सड़क हादसा, शादी समारोह से लौट रहा था परिवार, बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 12 की मौत

**बाड़ी (धौलपुर), एजेंसी।** धौलपुर में नेशनल हाईवे-11बी पर तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी है। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 1 बच्चा घायल हो गया। उसे धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। मरने वालों में 8 बच्चे शामिल हैं। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। बस का भी आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी डेड बॉडी को बाड़ी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे बाड़ी उपखंड में हुआ। जानकारी के मुताबिक, बाड़ी शहर की करीम कॉलोनी, गुमट के रहने वाले परिवार के करीब 15 लोग सरमथुरा इलाके के बरौली में बहन के घर भात भरने गए थे।



## पीएम मोदी ने किया रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण, बनारस से वर्चुअली जुड़े

# रीवा में मंच से सीएम यादव बोले- ९९९ रुपए में कराएंगे हवाई सफर

**विजय मत, ब्यूरो रीवा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस से रीवा एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण किया। इधर, रीवा एयरपोर्ट परिसर में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम 999 रुपए में रीवा से भोपाल की हवाई यात्रा कराएंगे। भोपाल-रीवा के बीच नया फोरलेन भी बनेगा। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, रीवा के प्रभारी मंत्री प्रह्लाद पटेल, सांसद जनार्दन मिश्र मंच पर मौजूद रहे। बनारस से वर्चुअली जुड़ने पर पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में हमारे देश मे सिर्फ 70 एयरपोर्ट थे, अब 150 से ज्यादा एयरपोर्ट हैं। पुराने एयरपोर्ट भी हम रिनोवेट कर रहे हैं। मोदी बोले- बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से अभी यहां हजारों करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। इसमें देश और यूपी के विकास को नई ऊंचाई देने वाले प्रोजेक्ट हैं। आज यूपी-बिहार-पश्चिम बंगाल-एमपी और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ भी हुआ है। इसमें बाबतपुरा एयरपोर्ट के अलावा आगरा और सहारनपुर का सारसावां एयरपोर्ट भी शामिल है।



### रीवा को देंगे इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव की सौगात

हमारी सरकार ने मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है। मैंने उद्योगपतियों से आज ही मीटिंग की है। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र 999 रुपए में लोगों को हवाई यात्रा कराएंगे। अब गरीब आदमी भी हवाई सफर करेगा। उन्होंने कहा रीवा में राइस मिल कि संख्या काफी ज्यादा है। अगर कोई भी कठिनाई आ रही है तो उसे मैं दूर करूंगा।

### अब हर कोई भारत से दोस्ती करना चाहता है

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में लोकसभा की सभी 29 सीट जीतने के रिकॉर्ड को अब कोई तोड़ नहीं सकता। आज पूरे विश्व के देश हमसे संबंधों को लगातार बेहतर बनाना चाहते हैं। रूस भी हमसे दोस्ती करना चाहता है और यूक्रेन भी हमसे दोस्ती करना चाहता है। उन्होंने कहा- शोले फिल्म का डायलॉग याद आता है, जो फिल्म में धर्मेंद्र ने टंकी में चढ़कर कहा था।

### रीवा में सीएम ने मंच से किया संबोधित

रीवा एयरपोर्ट परिसर में मंच बनाया गया। इससे सीएम डॉ. मोहन यादव ने सांसद जनार्दन मिश्रा के बयान को लेकर हंसी-ठिठोली की। दरअसल, मंच से सांसद जनार्दन मिश्रा ने सीधी सांसद राजेश मिश्रा को रीवा सांसद कह दिया था। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों सांसद तो रहेंगे लेकिन, क्या मालूम दोनों आपस में एक्सचेंज करने का प्रोग्राम बना रहे हो। उन्होंने कहा- रीवा से मेरा भी एक रिश्ता है। रीवा मेरी ससुराल है, मेरी शादी 1993 में हुई थी। तब यहां आने-जाने में बहुत समस्या होती थी। ढंग की सड़क तक नहीं थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा- पहले पाकिस्तान के लोग हमारे जवानों के सिर काटकर ले जाते थे। फिर फुटबॉल खेलते थे। अब इस तरह की घटना करने की हिम्मत हमारी सरकार में उनकी नहीं है। हमारे जवान अभिनंदन को डर के चलते पाकिस्तान ने वापस किया।

## मुख्यमंत्री ने किया उद्योगपतियों से संवाद

# उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को किया जाएगा दूर




**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाइयों को उद्योग विभाग अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिये गये है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाइयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर और कलेक्टर की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। उनके द्वारा संचालित उद्योग से प्रदेश और देश का विकास भी होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रीवा में 23 अक्टूबर को होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संदर्भ में स्थानीय उद्योगपतियों के साथ चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी।

## आखिरी दिन नहीं हुआ कोई चमत्कार, न्यूजीलैंड ने भारत में 36 साल बाद टेस्ट जीता

**बेंगलुरु, एजेंसी**



रविवार, को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और विल यंग विकेटों के बीच दौड़ते हुए। न्यूजीलैंड ने जसप्रीत बुमराह के खतरनाक स्पैल का डटकर सामना करते हुए आखिरी दिन किसी चमत्कार की भारत की कोशिशों पर पानी फेर दिया । पहला टेस्ट आठ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड ने 36 साल बाद भारतीय सरजमीं पर पारंपरिक प्रारूप में सफलता का स्वाद चखा । आखिरी बार न्यूजीलैंड ने भारत को 1988 में जॉन राइट की कप्तानी में वानखेड़े स्टेडियम पर 136 रन से हराया था । जीत के लिये 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने शुरूआती झटकों के बाद कोई कोताही नहीं बरती । विल यंग 48 रन बनाकर और रचिन रविंद्र 39 रन बनाकर नाबाद रहे ।

## 'बिलबोर्ड मैगजीन' के कनाडा के पहले प्रिंट एडिशन में नजर आएंगे दिलजीत, किया देश का नाम रोशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। वह 'बिलबोर्ड मैगजीन' के कनाडा के पहले प्रिंट एडिशन में नजर आएंगे। बिलबोर्ड म्यूजिक की सबसे प्रचलित अमेरिकी मैगजीन है और कनाडा में इसका पहला एडीशन इसी हफ्ते आने वाला है। मैगजीन के पहले प्रिंट संस्करण में दिलजीत के दिल-लुमिनाती दौरे के स्पेशल कंटेंट दिखाए जाएंगे। शनिवार को बिलबोर्ड कनाडा के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह खबर साझा की गई।

## दिल्ली में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर धमाका, एनएसजी व एनआईए की टीमें जांच में जुटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



दिल्ली में रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास रविवार सुबह एक जोरदार धमाका हुआ, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर-14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास सुबह करीब सात बजकर 50 मिनट पर धमाका हुआ था, जिसके बाद बम निरोधक दस्ता और पुलिस की एक फोरेंसिक टीम विस्फोट होने के कारण का पता लगाने के लिए मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने बताया कि इस धमाके में स्कूल की दीवार, पास की दुकानें और एक कार को नुकसान पहुंचा है।

## बीजेपी ने पहली लिस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की बेटी को दिया टिकट


**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में बीजेपी ने 99 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। बीजेपी ने अपनी पहली सूची में महिला उम्मीदवारों को भी खास तरजीह दी है। इस लिस्ट में कुल 13 महिलाओं को टिकट दिया गया है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर से उम्मीदवार बनाया गया है। यह कदम पार्टी की महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा संकेत है। वहीं बीजेपी ने अपनी पहली सूची में अधिकतर मौजूदा विधायकों को टिकट दिया है। एंटी-इंकम्बेंसी के बावजूद पार्टी ने अपने नेताओं को फिर से मौका देकर यह संकेत दिया है कि वह अपने पुराने अनुभव को काम में लाना चाहती है। इससे यह साफ है कि पार्टी ने चुनावी रण में पुराने चेहरे के दम पर जीत दर्ज करने की रणनीति बनाई है। इस बार बीजेपी ने शेलार परिवार को खास तवज्जो दी है।

## भगवा आतंकवाद के बयान पर पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने मानी गलती!

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मनमोहन सिंह सरकार में गृह मंत्री रहे सुशील कुमार शिंदे ने हाल में ही एक पॉडकास्ट में हिस्सा लिया था। इस पॉडकास्ट में भगवा आतंकवाद पर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वो इस शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते थे। भगवा आतंकवाद शब्द का प्रयोग पी। चिदंबरम ने भी किया था। इसके बाद यूपीए-2 में गृहमंत्री रहे सुशील कुमार शिंदे ने भी इस शब्द प्रयोग किया था। इस पॉडकास्ट में पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने इस मुद्दे को लेकर बात की। इस दौरान जब उनसे भगवा आतंकवाद शब्द के इस्तेमाल को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, उस समय रिकॉर्ड पर जो आया था, उन्होंने वही कहा था। ये उनकी पार्टी ने उन्हें बताया था कि भगवा आतंकवाद हो रहा। उन्होंने आगे कहा, उस समय पूछा गया था तो बोल दिया था भगवा आतंकवाद। बस इतना ही है। अपने बयान में आतंकवाद शब्द लगाया, लेकिन सही बोले तो क्यों आतंकवाद शब्द लगाया मुझे पता नहीं है। लगाना नहीं चाहिए, यह गलत था। भगवा टेररिस्ट, ऐसा नहीं बोलना चाहिए। ये उस पार्टी की विचारधारा होती है। ये चाहे भगवा हो या रेड हो या सफेद हो। ऐसा कोई आतंकवाद नहीं होता है।

## बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी, पुंछ से दो आतंकी गिरफ्तार



**जम्मू , एजेंसी ।** बारामूला जिले के उरी क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर ने एक पोस्ट में बताया कि आतंकवादियों की संभावित घुसपैठ की खुफिया जानकारी के आधार पर संयुक्त रूप से एक ऑपरेशन शुरू किया गया है। जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जहां चिनार क्रॉप्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया है। संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया।

## पहली छमाही में निवेशकों ने दिखाया जबरदस्त उत्साह

# स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड में आया 30,342 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**



चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान मिड-कैप (मझोली कंपनियों में निवेश करने वाले एमएफ) और स्मॉल-कैप (छोटी कंपनियों में निवेश करने वाले) म्यूचुअल फंड योजनाओं के प्रति निवेशकों ने जबर्दस्त उत्साह दिखाया है। इन योजनाओं में करीब 30,342 करोड़ रुपये का निवेश आया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इन योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को काफी अच्छा रिटर्न (प्रतिफल) मिला है, जिसके चलते इनके प्रति उनका आकर्षण बना हुआ है। पिछले साल समान अवधि में मिड-कैप और स्मॉल-कैप कोषों में प्रवाह 32,924 करोड़ रुपये रहा था। खास बात यह है कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) स्मॉल-कैप और मिड-कैप कोषों में ऊंचे प्रवाह को लेकर चिंता जता चुका है।

## खास खबर | मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय जिसमें होगा डिजिटल मूल्यांकन

# मेडिकल साइंस का लेट नहीं होगा परीक्षा परिणाम

**विजय मत, ब्यूरो, जबलपुर**




मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जिसमें परीक्षाओं का डिजिटल मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए प्लान तैयार किया गया है। इससे छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम समय पर आएंगे। मध्य प्रदेश की जबलपुर स्थित मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी अपनी लेट लतीफी के लिए जानी जाती है। यहां छात्रों की ना तो समय पर परीक्षा ली जाती है ना ही समय पर परिणाम दिए जाते हैं। मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का एकेडमिक कैलेंडर हमेशा पिछड़ा रहता है। पहले तो परीक्षाएं समय पर नहीं होती, यदि परीक्षा समय पर हो भी जाएं तो उनके रिजल्ट समय पर नहीं आ पाते। अब इसके लिए यूनिवर्सिटी ने नया प्लान तैयार किया है। इसके अनुसार यूनिवर्सिटी अब कॉलेजों में डिजिटल वैल्यूएशन सिस्टम डेवलप करेगी। जिससे परीक्षा के दौरान ही या फिर परीक्षा होते ही मूल्यांकन हो सके और समय पर रिजल्ट घोषित किए जा सकें। इस संबंध में यूनिवर्सिटी ने निर्णय ले लिया है। इस सिस्टम को डेवलप करने के लिए एजेंसी के चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### प्रदेश भर में नोडल केंद्र बनाएगी यूनिवर्सिटी

मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी द्वारा रिजल्ट समय पर घोषित नहीं हो पाते। जिसका असर हजार छात्रों पर पड़ता है। इसको देखते हुए ।यूनिवर्सिटी अब प्रदेशभर में नोडल सेंटर बनाएगी। इसके बाद यूनिवर्सिटी अपने जबलपुर स्थित कैंपस में मूल्यांकन के लिए कॉपी नहीं बुलाएगी। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने 27 कॉलेजों को चिह्नित किया है। इन सेंटर पर ही कॉपियों को स्कैन करने का सिस्टम भी रहेगा। 20-20 कंप्यूटर सिस्टम और इंटरनेट आदि की व्यवस्था की जाएगी।

दैनिक विजय मत
www.vijaymat.com
शहडोल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024


## न्यूज इन शॉर्ट



### कोयले से भरा ट्रेलर पलटा

उमरिया। चंदिया स्थित हाइवे पर कोयले से भरा लोड ट्रेलर हादसे का शिकार हुआ है। हादसे में किसी भी प्रकार की जन हानि नही हुई है। घटना गत दिवस की बताई जा रही है।

### विभिन्न योजनाओं का समस्त ग्रामों, बसाहटों में शत-प्रतिशत सेचुरेशन करने के लिए शिविर प्रारंभ

उमरिया । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिले में चिन्हित बैगा (पीवीटीजी) ग्राम , बसाहटो में विशेष शिविर लगाये जाकर प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम (जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) अंतर्गत क्रियान्वयन की जा रही योजनाएँ जैसे आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एवं बैगा महिला मुखिया आहार अनुदान से संबंधित तथा अन्य जनमन से संबंधित योजनाओं की जानकारी से पीवीटीजी समुदाय को जागरूक , अवगत कराने के लिए प्रचार प्रसार के निर्देश दिये गये हैं। इसी अनुक्रम में क्रियान्यवन की जा रही विभिन्न योजनाओं का समस्त ग्रामो, बसाहटों में शत-प्रतिशत सेचुरेशन करने के लिए 19 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024 तक जिला स्तर, विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । उन्होने कहा है कि आधार ऑपरेटर से संबधित कोई समस्या होने पर विपिन पाण्डेय मोबाईल नंबर 9575459909 एवं सी.एस.सी राजकुमार कुशवाहा मोबाईल नंबर 7011942460 से संपर्क किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही हितग्रहियों को लाने की समस्त जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ता , ऑगनबाडी कार्यकर्ता तथा रोजगार सहायक की होगी। जिससे शत- प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें, एवं दैनिक शिविर की रिपोर्ट बीपीएम द्वारा संधारित की जावेगी।



### इंटर स्कूल स्पोर्ट्स इवेंट में कार्मल कन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमलाई का परचम पुनः लहराया

शहडोल/अमलाई ! कॉर्मल कान्वेंट स्कूल अमलाई की वाइस प्रिंसिपल सिस्टर एलिस एवं प्रो विभा राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीनाप्रोविंस के पांच प्रमुख स्कूलों में जिनमे तारा सदन अशोकनगर, अमल ज्योति महाराजपुर, गुड शेफर्ड कन्वेंट शहडोल, निर्मल ज्योति कॉन्वेंट बीना, कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमलाई ने अपनी अपनी सहभागिता दिखाई ! अंडर 14 एंड अंडर 17 कैटेगरी के प्रतियोगिताएं दर्ज की गई जिनमें 100 मीटर रेस, 100 4 रिले रेस शॉट पुट और लॉन्ग जंप का आयोजन किया गया ! विभिन्न प्रतियोगिताओं में अत्यंत दक्षता पूर्वक सम्मिलित और सहभागिता के साथ कार्मेल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमलाई ने 780 अंक अर्जित किया, गुड शेफर्ड द्वितीय स्थान पर रहते हुए 270 अंक अर्जित किया और तीसरा स्थान अमल ज्योति महाराजपुर को 200 अंकों के साथ आगे आए ! हर 03 वर्षों में आयोजित इस प्रतियोगिता में पुनः कार्मल कान्वेंट स्कूल अमलाई ने अपनी सफलता का परचम लहराया। यह स्कूल का लगातार चौथी बार जीतने का गर्व हासिल हुआ जो स्वयं एक रिकॉर्ड स्थापित करता है ! ओवरऑल चैंपियन पुनः कार्मल के खाते में आई है। बीना प्रोविंस के एजुकेशनल काउंसलर सिस्टर मर्सलेट, सिस्टर डेस मारिया, सिस्टर दिव्या के द्वारा यह चैंपियन ट्रॉफी स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर एन्सी एंटो एवं मैनेजर सिस्टर जैस्मिन को दिया गया ! पूरी मैनेजमेंट ने स्कूल को और विशेष कर ट टीचर्स रणविजय सिंह, मिस्टर सुजीत सरकार और ओमप्रकाश प्रजापति को उनके अथक मेहनत के लिए बधाइयां दी तथा साथ में सारे शिक्षकों को एक अनुशासित और बहुत ही सफलतम प्रोग्राम को सुनिश्चित करने के लिए बहुत-बहुत बधाइयां प्रेरित की गई ! उद्घोषणा कक्षा से उमा त्रिपाठी, निक्सी जोसेफ एवं तपोश्री को भी बधाईयों से प्रेरित किया गया !

### वूशु खिलाड़ियों ने ग्वालियर में जीते 7 मेडल

सीधी। राज्य स्तरीय शालेय वूशु प्रतियोगिता की 68वीं प्रतियोगिता में सीधी जिले के बालक बालिकाओं ने अपनी प्रतिभाओं का हुनर दिखाते हुए 7 मेडल जीते हैं। यह प्रतियोगिता 14 से 17 अक्टूबर तक ग्वालियर में आयोजित की गई थी। वुशु के खिलाडियों ने अलग-अलग वजन वर्ग में गोल्ड, सिल्वर, ब्राउंज मेडल अर्जित किया। जिसमें वूशु खिलाड़ी रुचि सिंह 36 किग्रा सिल्वर, शालिनी यादव 40 किग्रा गोल्ड, प्रतीक्षा प्रजापति 45 किग्रा ब्रांज, रागिनी सिंह 52 किग्रा ब्रांज, शिवम कुशवाहा 48 किग्रा गोल्ड, शिवम जायसवाल 52 किग्रा सिल्वर, सन्नी सिंह 60 किग्रा गोल्ड मेडल, स्नेहा तिवारी 48 केजी ने पदक जीते हैं। प्रतियोगिता में टीम के साथ मानिंद शेर अली खान खेल एवं युवा कल्याण विभाग सीधी कोच वूशु नेशनल रेफरी, पवन यादव, खुशबू सिंह गुरुकुल स्कूल से ये सीधी दल के साथ शामिल रहे। इन सभी खिलाडि़यों को मेडल अर्जित करने पर अरविंद श्रीवास्तव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी खेल विभाग सीधी, हरिशंकर पाण्डेय पीटीआई क्रमांक 1 प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग सीधी, दिलीप वर्मा पीटीआई क्रमांक 2 प्रभारी ब्लॉक अधिकारी शिक्षा विभाग सीधी, खिलाडियों के माता-पिता एवं खुशबू साहू, माखन मिश्रा, भूमेश ठाकरे, जयवीर सिंह ब्लॉक समन्वयक सीधी खेल विभाग आदि लोगो ने बधाई देते हुए 68वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता ग्वालियर में अच्छा प्रदर्शन करने व मेडल जीत कर आए खिलाडि़यों को बधाई व शुभकनाएं दी कि इसी तरह अपने जिले का नाम रोशन करते रहें।

# अभियान चलाकर दगना कुप्रथा को रोकने की कार्यवाही करें: मेघा पवार

## मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में बैठक संपन्न

**विजय मत, उमरिया।**

ठंड के दिनो में बच्चों को निमोनिया हो जाने पर डाक्टर की दिखाने की बजाय दाग जाता है, जिससे बच्चे की मौत तक हो जाती है । जिले में दागना कुप्रथा को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। अभियान के माध्यम से जन जन से संपर्क कर , लोगो को दागना से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराएं। उक्त आशय के निर्देश मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने कलेक्टर सभागार में आयोजित बैठक में दिए।

आपने कहा कि डिलेवरी के बाद यदि बच्चा निमोनिया से ग्रसित होता है तो उन्हे दागने की बजाय डॉक्टर के पास ले जाने के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि उन्हें निर्धारित समय मे सही उपचार मिल सके। इस कार्य मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ए एन एम का सहयोग लिया जाए। ग्रामो में ऑडियो , नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाए। यदि कहीं दागने से बच्चों को नुकसान पहुचा है तो विधिवत कानूनी कार्यवाही की जाए, इसके साथ ही दागने वाली दाईयो को भी चिन्हित किया जाए।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मन मोहन सिंह



कुशराम, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता, सी एम एच ओ डॉक्टर एस बी चौधरी, सहायक श्रम पदाधिकारी आर के गुप्ता, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता, बाल कल्याण समिति की सदस्य मधुलिका अग्रवाल, डी पी सी संजय सिंह, परियोजना अधिकारी पाली मोनिका सिन्हा, परियोजना अधिकारी उमारिया क्रमांक 1 अंजू सिंह पोर्ते, सहायक परियोजना समन्वयक विनीत कुमार केवी, आर के एस के से बुद्धराम रहंगडाले सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में मेघा पवार ने कुपोषण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में भर्ती होने के बाद ठीक हो चुके बच्चों की माताओं से संपर्क करे तथा महिलाओं के माध्यम से ग्रामो में कुपोषण से निपटने के लिए बच्चो को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के लिये प्रेरित करे। बैठक में शिक्षा विभाग से सहायक परियोजना समन्वयक ने बताया कि स्कूलो छात्रावासों में हेल्थ कैम्प लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जा रहा है। जिस पर मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने कहा कि छात्रावासों में ग्रामीण इलाकों से आकर रहने वाली छात्रों की एनीमिया की जांच करे। इसके साथ ही बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने सहायक श्रम पदाधिकारी से कहा कि जिले में कोई भी नाबालिक बच्चा होटलों, दुकानो मे कार्य नही करे, यदि ऐसा पाया जाता है तो प्रकरण तैयार कर कार्यवाही करें।

आपने कहा कि प्रायः देखने मे आता है कि भिक्षा वृत्ति करने वाले नशे का शिकार हो रहे है, इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों को चिन्हित करते हुए उनके पालकों से संपर्क करें, एवं बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करे, ताकि बच्चें अच्छे पदों पर पहुँच कर माता पिता का नाम रोशन करे। बैठक में आर के एस के, सी डब्ल्यू के कार्यों की भी समीक्षा की गई।

### संभागस्तरीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता कन्या महाविद्यालय में सम्पन्न

सीधी। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के कैलेण्डर अनंसार शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में संभागस्तरीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में रीवा टीम विजेता तथा सीधी टीम में उपविजेता रही। प्रतियोगिता में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए सम्भागीय टीम का गठन किय गया जिसमें सभी जिलों सें उत्कृष्ट प्रतियोगिता को सम्मलित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सीधी जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह के द्वारा किया गया तथा अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पीके सिंह तथा रीवा विश्वविद्यालय के संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामभूषण मिश्र समापन के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओपी नामदेव ने की। कार्यक्रमो के आयोजन अजय कुमार यादव ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा का परिचय दिया तथा चयनकर्ता के रूप में विनोद शर्मा एवं कैलश वर्मा रहे तथा सम्भाग भर के महाविद्यालय से आए हुए कीडा अधिकरी डॉ. विनोद कुमार रॉय डॉ. रवि चौधरी, अनूप सिंह, डॉ. रामनारायण स्वर्णकार, डॉ. अस्वनी द्विवेदी के साथ-साथ आयोजक महाविद्यालय से डॉ. दिलीप सोनी रहें। मंच का संचालन किया डॉ. केबी राय, डॉ. देवेन्द्र सोनी डॉ. राजेश कुमार साहू, प्रो. ज्योति अलूने, डॉ. प्रतिमा कौल, डॉ. अमृता, श्री बलेन्द्र पटेल, डॉ. आका तिवारी, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. आराधना मिश्रा, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. ज्ञानेन्द्र दुबे, विजय पटेल, श्रीमान सिंह, ध्रुवराज वर्मा एवं समस्त शैक्षणिक व कार्यालीन स्टाफ उपस्थित रहें।

# बोतल में बंद दो हजार आठ का जिन्न दो हजार बाईस में निकला ...

## आदेश का पालन न किया जाना आदेश को अप्रसासिंगक होना सिद्ध करता है

**विजय मत, उमरिया।**

राम लखन सिंह चौहान सेवा निवृत्त सहा . शि . ने बताया कि शिक्षा विभाग में एक आदेश जारी हुआ था कि आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल से स्वी.ति पश्चात् शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश में काम करने के प्रतिफल स्वरूप मिलने वाले अर्जित अवकाश उनकी सेवा पुस्तिका में दर्ज किए जायें ! इस आदेश को दो हजार आठ में ही जिला शिक्षा अधिकारी , जिला कोषालय एवं संकुल प्राचार्यों ने हानिकारक जिन्न मानकर शायद बोतल में बंद कर दिया था और शिक्षक , सहायक शिक्षक व मा.शाला प्रधानाध्यापकों की सेवा निवृत्ति के बाद संकुल प्राचार्यों ने अपने स्तर से उनकी सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश दर्ज कर , नगदीकरण ( भुगतान ) करते रहे हैं । यह आदेश रूपी जिन्न सन् दो हजार से लगभग दो हजार बाईस तक अर्थात् चौदह वर्ष तक बोतल में बंद था ! जिला कोषालय , जिला शिक्षा अधिकारी , बी. ई. ओ . और संकुल प्राचार्यों ने मा.शाला प्रधानाध्यापक , शिक्षक व सहायक शिक्षकों के अर्जित अवकाश नगदीकरण कर भुगतान करते रहे हैं ! जब उक्त आदेश जो दो हजार आठ में हो गया था तव दो हजार बाईस तक उक्त आदेश का पालन न किया जाना आदेश को अप्रासंगिक होना सिद्ध करता है ! अतएव उक्त आदेश को या तो रद्द कर दिया जाना चाहिए या संशोधित कर पुनः अर्जित अवकाश लिखने के अधिकार , संकुल प्राचार्य व डी .डी ओ को दिया जाना चाहिए । जनवरी तेईस के बाद सेवा निवृत्त मा.शाला प्रधानाध्यापक , शिक्षक व सहायक शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में , संकुल प्राचार्यों के द्वारा यह कहकर अर्जित अवकाश नहीं दर्ज किए जा रहे हैं कि शिक्षकों के द्वारा सन् दो हजार आठ से अब तक किए गए ग्रीष्मावकाश काल में कार्य के प्रतिफल स्वरूप दर्ज किए जाने वाले अर्जित अवकाश , आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल की स्वी.ति पश्चात् ही सेवा पुस्तिका में दर्ज किए जाएंगे ! यदि दो हजार आठ से उक्त अर्जित अवकाश आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल की स्वी.ति पश्चात् ही दर्ज कर , भुगतान किया जाना था तो दो हजार बाईस तक आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल की स्वी.ति बिना ही संकुल प्राचार्यों ने सेवा निवृत्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं में अर्जित अवकाश दर्ज कर , अर्जित अवकाश का भुगतान कराया है ! क्या उक्त . दो हजार आठ के आदेश का उल्लंघन है ..? यदि नहीं तो दो हजार तेईस में निकले इस दो हजार आठ के आदेश बनाम हानिकारक जिन्न को पुनः बोतल में बंद किया जाना ही उचित होगा !

उक्त आदेश का संकुल प्राचार्यों ने पालन नहीं किया जबकि मा.शालाप्रधानाध्यापक . शिक्षक व सहायक शिक्षक निश्चिन्त होकर शासनादेश के परिपालन में ग्रीष्मावकाश काल में काम करते रहे हैं और संकुल प्राचार्यों ने आयुक्त लोक शिक्षण से स्वी.त कराकर उनकी सेवा पुस्तिकाओं में अर्जित अवकाशों को दर्ज नहीं किया ! आदेश का परिपालन संकुल प्राचार्यों ने नहीं किया और सेवा निवृत्त शिक्षकों को , उनके वांछित अर्जित अवकाश का भुगतान न कर दण्डित किया जा रहा है ! ये वही कहावत चरितार्थ हो रही है ष् कोई और करे गलती , दण्ड कोई और भुगती ष् वास्तव में यह भी बात है कि शिक्षकों को प्रायः वरिष्ठ कार्यालयों से जारी होने वाले ग्रीष्मावकाश काल में काम करने के आदेश जैसे बी.एल . ओ. निर्वाचन , जनगणना , मकान सूची गणना , सूखा ग्रस्त क्षेत्र में ग्रीष्मावकाश काल में विद्यालय में उपस्थित रहकर , को मध्याह्न भोजन कराना , आदि कई तरह के आदेश संकुलों से ही शिक्षकों को दिए जाते हैं ! शिक्षकों द्वारा उक्त कार्यों के सम्पादन पश्चात् संकुल प्राचार्य व संकुल में पदस्थ लिपिक को चाहिए था कि उक्त कार्यों के आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल से स्वीकृति लेकर , सम्बन्धित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका में अर्जित अवकाश दर्ज करते पर उन्होंने उक्त कार्य का सम्पादन नहीं किया ! अब सवाल उठता है कि क्या संकुलों में पदस्थ लिपिक व संकुल प्राचायों को दण्डित किया जाना चाहिए .?और ग्रीष्मावकाश काल में काम करने वाले सेवा निवृत्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाओं में अर्जित अवकाश नियमतः दर्ज कर , भुगतान किया जाना चाहिए । यह यक्ष प्रश्न है .?

## मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने सेंट जेवियर्स हायर सेकंडरी स्कूल का किया औचक निरीक्षण



**विजय मत, उमरिया।**

मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने कोलयारी स्थित सेंट जेवियर्स हायर सेकंडरी स्कूल का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने कक्षा 11वी एवं कक्षा 12वी के बच्चों की क्लास लेकर उनसे पढ़ाई के संबंध में सवाल जवाब किया, जिसका उत्तर बच्चो द्वारा दिया गया। आपने छात्रों से कहा कि वर्तमान समय मे सोशल मीडिया का अधिक उपयोग हो रहा है। बच्चे सावधानी के साथ इसका उपयोग करते हुए ज्ञान वर्धक कामो के लिए करे। खेलकूद के साथ अपनी पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान दे, पूरी ईमानदारी एवं लगन निष्ठा के साथ पढ़ाई करके उच्च पदों तक जाए। आपने कहा कि बौद्धिक विकास प्रतिदिन अखबार एवं न्यूज चौनलों को देखें, जिसमे विभिन्न प्रकार के आर्टिकल निकलते है जो आपके प्रतियोगी परीक्षाओ में काम आ सकते है। आपने छात्रों से कहा कि नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे, नशा करने से शारीरिक क्षति पहुँचती है। इस दौरान आपने छात्रों से संवाद करते हुए हेल्पलाइन नंबर 14425, 14446, 14416 एवं महिलाओं के जारी चौट बोर्ड नंबर 8657024841 के बारें में जानकारी दी । आपने छात्रों से आग्रह किया कि जरूरत पड़ने हेल्पलाइन नम्बर से संपर्क अवश्य करे । अंत मे आपने बच्चों को इस बात का संकल्प दिलाया कि बताई गई बातों का अक्षरश पालन करेंगे। नशे से दूर रहेंगे। पढ़ाई पर ध्यान देंगे। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मन मोहन सिंह कुशराम, सी एम एच ओ डॉक्टर एस बी चौधरी, बाल कल्याण समिति की सदस्य मधुलिका अग्रवाल, डी पी सी संजय सिंह, परियोजना अधिकारी पाली मोनिका सिन्हा, प्राचार्य फादर विनोद कुमार तिरके सहित बच्चे उपस्थित रहे।

मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मेघा पवार ने जिला चिकित्सालय स्थित एन आर सी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होनें भर्ती बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रानी सिंह से बेटी सिमरन के भर्ती होने के संबंध में पूछताछ की , जिस पर रानी ने बताया कि सिमरन को कार्यकर्ता की मदद से जिला अस्पताल की एन आर से में 8 अक्टूबर को भर्ती कराया था। जब भर्ती कराया था तब उसका वजन 6 किलो 200 ग्राम था, भर्ती के बाद अब सिमरन का वजन 6 किलो 800 ग्राम हो गया हैं। एन आर सी में प्रतिदिन सुबह कभी केला, कभी पोहा, दलिया उपलब्ध कराया जाता है। इसी तरह खाने में दाल चावल, रोटी सब्जी, सलाद मिलता है। इसी तरह मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य ने ऊशा सिंह से बात की , जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि हम 19 अक्टूबर को यहाँ बेटी अंकिता, आंशिका को भर्ती करने आये है।इस दौरान उन्होंने उमंग स्वास्थ्य केंद्र का भी भ्रमण किया गया जिसमें किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा परामर्श के संबंध में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिसमें बताया गया कि आउटरीच गतिविधि के दौरान स्कूल के साथ-साथ हॉस्टल में भ्रमण हेतु सलाह दी जाती है एवं उमंग स्वास्थ्य क्लिनिक में दी जा रही सेवाओं को प्रोत्साहित किया जाता है। निरीक्षण के समय सी एम एच ओ डॉक्टर एस बी चौधरी, सिविल सर्जन डॉक्टर के सी सोनी, डीएचओ डॉ वी एस चंदेल , आर एम ओ डॉक्टर संदीप सिंह सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## डी ई आई सी भवन उमरिया में हृदय रोग शिविर संपन्न, शिविर में 32 में से 10 बच्चे हृदय रोग से ग्रसित मिले



**विजय मत, उमरिया।**

डी ई आई सी भवन उमरिया में हृदय रोग शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस बी चौधरी एवं सिविल सर्जन डॉ के सी सोनी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में जबलपुर से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश दुबे द्वारा 0 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों का हृदय रोग परीक्षण किया गया । शिविर में जिला स्तर से डीएचओ डॉ वी एस चंदेल अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर एन रूहैला शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सी पी शाक्या डिस्ट्रिक अर्ली इंटरवेंशन मैनेजर रीता बहरानी, ऑडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट पवन कुमार फिजियोथैरेपिस्ट भूपेंद्र मांझ्री उपस्थित रहे । रीता बहरानी ने बताया कि ब्लॉक स्तर करकेली मानपुर पाली में पदस्थ आरबीएसके टीम डा योगेश कुर्वे डॉ दीपक द्विवेदी डॉ सुरेंद्र पटेल एवं डॉक्टर रीना गुप्ता द्वारा चिन्हित कर 0 से 18 वर्ष तक के 32 बच्चों को शिविर में लाया गया जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा सभी बच्चों का परीक्षण किया गया जिसमे 10 बच्चे हृदय रोग से ग्रसित पाए गए । दो बच्चे आरएचडी, दो बच्चे मानसिक विकलांग, एक बच्चा नेत्र रोग ,एक बच्चा डिले स्पीच एवं लैंग्वेज का एवं एक बच्चा अस्थमा का पाया गया । इन सभी बच्चों का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आवश्यकता अनुसार निःशुल्क कराया जा रहा है ।

## फर्जी विकलांग बने शिक्षकों पर दर्ज होगा पुलिस प्रकरण

**विजय मत, सीधी।**

प्रदेश सरकार द्वारा विकलांग शिक्षकों का मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराने के निर्देश एवं लोक शिक्षण संस्थान भोपाल के निरंतर निर्देश के बाद भी जिले में फर्जी विकलांग बने शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही करने में जिला शिक्षा अधिकारी हीलाहवाली कर रहे हैं। किंतु सिविल सर्जन उक्त मामले में कड़ा रूप अपनाते हुए विगत दो वर्षों से मेडिकल बोर्ड के समक्ष मेडिकल परीक्षण के लिए न आने वाले फर्जी विकलांग बने शिक्षक श्रीमती रमा पाण्डेय पति राकेश पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला खरहना, प्रकाश पाण्डेय पिता स्व. गणेशमणि पाण्डेय जन शिक्षक संकुल केंद्र भरतपुर एवं अंकिता पाण्डेय पिता राकेश पाण्डेय निवासी ग्राम भरतपुर के विरुद्ध पुलिस प्रकरण दर्ज कराने के लिए सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला सीधी द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। सिविल सर्जन ने फर्जी विकलांग अंकिता पाण्डेय पिता राकेश पाण्डेय, श्रीमती रमा पाण्डेय पति राकेश पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय पिता स्व. गणेशमणि पाण्डेय ग्राम सगौनी पोस्ट भरतपुर थाना रामपुर नैकिन को मेडिकल बोर्ड कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर मेडिकल परीक्षण कराने के लिए दिनांक 26 जून 2023 से लेकर 7 अगस्त 2024 तक करीब आधा दर्जन बार संबंधित जनों को पत्र लिखा गया। किंतु संबंधित फर्जी विकलांग मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

तब सिविल सर्जन ने 7 अगस्त 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी सीधी को पत्र लिखकर शिक्षक श्रीमती रमा पाण्डेय एवं प्रकाश पाण्डेय को मेडिकल बोर्ड सीधी के समक्ष उपस्थित कराने के लिए पत्र लिखा गया। उसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी ने 14 अगस्त 2024 को संकुल प्राचार्य भरतपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी सतना को पत्र लिखकर 20 अगस्त 2024 को उक्त दोनो शिक्षकों को जिला मेडिकल बोर्ड में उपस्थित कराने के निर्देश दिए। 20 अगस्त को जब उक्त दोनो शिक्षकों के द्वारा मेडिकल बोर्ड में उपस्थित नहीं हुए तब पुन~ सिविल सर्जन ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया कि श्रीमती रमा पाण्डेय माध्यमिक शिक्षक खरहना एवं प्रकाश पाण्डेय उच्च शिक्षक देवदहा मेडिकल परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए उक्त शिक्षकों के विरुद्ध कार्यवाही कर सूचित करने का कष्ट करें।

## न्यूज इन शॉर्ट

### आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

शहडोल। सहायक अभियंता मध्य प्रदेश पूर्व विद्युत वितरण कंपनी वितरण केंद्र शहडोल ने जानकारी दी है कि 33/11 केव्ही उपकेंद्र शहडोल टाउन में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहडोल शहर विद्युत उपभोक्ताओं को निर्वाण बिजली आपूर्ति प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है,जिस कारण से विद्युत आपूर्ति निरंतर बनाए रखने के लिए 11 केव्ही का रख रखाव कार्य किया जाना प्रस्तावित है।जिसके रखरखाव के कारण कल 20 अक्टूबर 2024 को प्रातः 7.00 से 11.00 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगा। जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर 2024 को शहडोल शहर के अंतर्गत रेलवे फीडर, 17 अक्टूबर 2024 को बस स्टैंड फीडर,18 अक्टूबर 2024 को बाणगंगा फीडर, 19 अक्टूबर 2024 को हाउसिंग बोर्ड एवं 20 अक्टूबर 2024 को इंदिरा चौक फीडर पर विद्युत बाधित रहेगा।

### दो फरार वारंटी गिरफ्तार

शहडोल। सीधी थानान्तर्गत पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी लंबे समय से विभिन्न अपराधों में शामिल थे और वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में महाबीर सिंह गोंड पिता प्रेमलाल सिंह गोंड उम्र 45 वर्ष एवं बहोर सिंह गोंड हैं जिन्हें पुलिस ने आरोपियों के गृह ग्राम कमरान टोल एवं ग्राम छपरा टोला से गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी किए गए थे।

### खैरहा पुलिस ने की जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। खैरहा थानान्तर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हरदी के पास में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा उक्त सूचना स्थान पर दबिश देकर आरोपी मजहर खान पिता सहवान खान एवं अन्य 07 नफर सभी निवासी ग्राम हरदी थाना खैरहा, शहडोल के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 1, 850 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### 18 लीटर अवैध शराब जब्त

शहडोल। बुढ़ार थानान्तर्गत अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने स्थानीय ग्राम जमुनिहा में दबिश देकर आरोपी लालमन प्रजापति पिता मेहिलाल प्रजापति निवासी केशवाही के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रूपये मौके पर जप्त की गई।

इसी तरह गोहपारू थानान्तर्ग अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने स्थानीय ग्राम सालेवहरा में दबिश देकर आरोपिया छोटेलाल गोंड की पत्नी निवासी उम्र 23 वर्ष सालेवहरा के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये मौके पर जप्त की गई। और खैरहा थानान्तर्गत ग्राम धमनी में दबिश देकर आरोपी मुलइया कोल पिता रामवोधी कोल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम धमनी के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 600 रूपये मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### 72 चालानों में 29,400 रूपये समंस शुल्क वसूले

शहडोल। बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 72 चालानों में 29,400 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

# धनपुरी शहर के मुख्य मार्ग से कोयले से भर बड़े-बड़े वाहनों के गुजरने से पूरे दिन लगता है जाम

**विजय मत, धनपुरी।**

धनपुरी शहर के मुख्य मार्ग से भारी वाहनों का आवागमन इन दोनों शहर के नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है पूर्व में यहां के मुख्य मार्ग से बड़े वाहनों के आवागमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर समय निर्धारित किया गया था लेकिन विगत महीनो बंगवार रोड में स्थित बघईया नाला के पास पुल टूट जाने के कारण जो कोयले से भारी वाहन इस मार्ग से होकर साइडिंग पहुंचते थे वह वर्तमान समय में धनपुरी के मुख्य मार्ग से होकर गुजर रहे हैं जिस कारण से शहर के मुख्य मार्ग पर पूरे दिन जाम की स्थिति उत्पन्न होती है पर इस कारण से शहर के नागरिक भी परेशान हो रहे हैं दूसरी तरफ जो पुल टूटा हुआ है उसका अब तक सुधार नहीं कराया गया और इसे लेकर भी अब सवाल उठ रहे हैं।

धनपुरी शहर के मुख्य मार्ग से पूरे दिन रात कोयले से भरे वाहन आवागमन कर रहे हैं जिस कारण से शहर की सड़कों पर जाम की स्थिति किस तरह से उत्पन्न होती है इसे प्रतिदिन देखा जा सकता है यही कारण है कि अभी इस मामले को लेकर लोगों के अंदर नाराजगी भी बढ़ती जा रही है जो कभी



भी आंदोलन का रूप ले सकती है दरअसल अगर देखा जाए तो राजेंद्रा दामिनी और खैरहा भूमिगत खदान से बुढार साइडिंग ट्रांसपोर्ट के जरिए कोयला पहुंचता है इसे लेकर एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा बाईपास सड़क का निर्माण किया गया था इसके बाद से धनपुरी शहर के मुख्य मार्ग से कोयले से भरे वाहनों का आवागमन बंद हो गया था लेकिन विगत महीने जब तेज बरसात हुई थी उसे बरसात के कारण बंगवार रोड के पास जो बघईया पुल मौजूद था वह टूट गया और यही कारण था कि इस मार्ग से पूरी तरह से आवा गमन बंद हो गया इसके बाद जो कोयले से भारी वाहन इस मार्ग से होकर सायडिंग पहुंच रहे थे वह शहर के मुख्य मार्ग से होकर आवा गमन करने लगे एक महीने से भी अधिक का समय बीत चुका है और अगर अभी भी देखा जाए तो यहां का जर्जर पुल का सुधार नहीं कराया गया है जिस कारण से बड़े वाहनों का आवागमन अनवरत शहर के मुख्य मार्ग से ही देखा जा रहा है अब यही कारण है कि इस कारण से शहर के नागरिकों को परेशान होना पड़ रहा है धनपुरी नगर का मुख्य मार्ग वैसे भी अगर देखा जाए तो इसका इतना चौड़ीकरण नहीं है और ऊपर से बड़े-बड़े हाईवा वाहन यहां के मार्ग से होकर आवागमन कर रहे हैं जिस कारण से सड़क पर जाम की स्थिति पूरे दिन निर्मित होती है और दुर्घटनाओं का भी डर बना रहता है अक्सर मुख चौराहे में देखा जाता है कि जब आमने-सामने से कोयले से बड़े-बड़े वाहन आते हैं तब सड़क पर पूरी तरह से जाम लग जाता है जो राहगीरों की परेशानी को बढ़ा देती है। दूसरी तरफ वही देखा जाए तो कोयले के वाहन शहर के अंदर से होकर गुजर रहे हैं और इनमें जो कोयल भरा होता है उसके छोटे-छोटे टुकड़े सड़कों पर ही गिरते रहते हैं जिस कारण से डस्ट की भी समस्या इन दिनों देखी जा रही है जोकि सड़क किनारे मौजूद व्यापारियों के लिए भी परेशानी का कारण बन रही है नागरिकों का कहना है कि बायपास मार्ग में जो पुल टूट चुका है।



## दो मोटर साइकिल जप्त, आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

### कोतवाली पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा

**विजय मत, शहडोल।**

कोतवाली थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस को मोटरसाईकिल चोरी के अपराध के अज्ञात आरोपी की तलाश के दौरान, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक बिना नंबर की हीरो होंडा कंपनी की काले रंग की मोटरसाइकिल आरोपी अंकित राय यादव उर्फ चंदन यादव पिता जवाहर लाल राय यादव, निवासी वार्ड नंबर 01 कोनी रीवा रोड शहडोल, थाना सोहागपुर, जिला शहडोल, अपने कब्जे में रखा हुआ है। सूचना मिलते ही मुखबिर के बताये स्थाान पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मौके पर रेड की गई जहां उपस्थित आरोपी अंकित राय यादव को पकड़ लिया गया और उसके कब्जे से बिना नंबर की हीरो होंडा मोटरसाइकिल ;चेचिस नंबर एमबीएलएचए 11ईएनबी9एफ-23367 को बरामद कर जप्त किया गया। आरोपी अंकित ने पूछताछ में बताया कि उसने दूसरी मोटरसाइकिल शासकीय कन्या छात्रावास के ग्राउंड से चोरी की थी और इसे धनपुरी निवासी मोहम्मद नावेद पिता जलील खान को 10,000 में बेचा था। जिसके आधार पर मोहम्मद नावेद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई। आरोपी अंकित राय यादव ने स्वीकार किया कि उसने यह मोटरसाइकिल चोरी की और इसे बिक्री के लिए छिपाकर रखा था। आरोपी के बयान और साक्ष्यों के आधार परए मोटरसाइकिल को बरामद कर लिया गया है।

दोनो आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया।

### बुढ़ार पुलिस ने की सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही

शहडोल। नशे एवं सट्टा, जुआ के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सभी थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। बुढ़ार थानान्तर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि स्थानीय केशवाही कस्बा में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा सूचना स्थान में घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी चन्द्रभान सिंह पिता जमुना सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी केशवाही, थाना बुढ़ार, शहडोल के पास के कब्जे से 01 नग सट्टा पर्ची एवं नगदी 210 रुपये जब्त किया गया । पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## गिरना था कोयला, गिरा दी मिट्टी, प्रबंधन हैरान, ट्रक चालक पर केस दर्ज

**विजय मत, शहडोल।**

जिले के कोयलांचल क्षेत्र में आए दिन कोयले की चोरी और कोयले की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी आम बात हो गई है, लेकिन यहां एक ट्रक चालक ने सबको हैरान कर देने का कारनामा किया है।

अमलाई थाना क्षेत्र के ओसिएम कोयला खदान की साइडिंग से एक ट्रक चालक ने अपने वाहन में कोयला लोड किया, जिसे बुढार कोल साइडिंग में डंप करना था। लेकिन, ट्रक चालक ने ओसिएम से कोयला लोड कर कुछ दूरी पर ही जाकर अपने जीपीआरएस सिस्टम को बंद कर दिया और फिर जिस साइड पर कोयला अनलोड करना था, वहां पर मिट्टी गिरा दी। इसकी जानकारी लगते ही अधिकारियों में हड़कंप मच गया। प्रबंधन के द्वारा इस मामले की पुलिस से शिकायत की गई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को जप्त कर लिया है और चालक की तलाश कर रही है।

अमलाई थाना क्षेत्र के ओसिएम साइडिंग से ट्रक क्रमांक सी.जी. 10 बीएन 4240 में चालक ने कोयला लोड कर ट्रक लेकर बुढार साइडिंग के लिए रवाना हुआ। कुछ किलोमीटर जाकर चालक ने चालाकी दिखाते हुए ट्रैक में लगे जीपीआरएस सिस्टम को बंद कर दिया, जिससे प्रबंधन को यह पता नहीं लग पाया कि ट्रक किस ओर जा रहा है। जब अनलोड करने का समय हुआ, तो ट्रक समय पर बुढार साइडिंग पहुंचा और कोयले के बजाय मिट्टी अनलोड कर दी। कोयले के बीच में मिट्टी का डंप देखकर प्रबंधन को शक हुआ कि यह मिट्टी किसने गिराई, जिसके बाद जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज देखे जाने पर यह पता लग पाया कि जो ट्रक ओसिएम से बुढार के लिए आया था, उसका जीपीआरएस सिस्टम बीच में बंद था और चालक ने चालाकी से यह कार्य किया है।

इसके बाद अमलाई थाने में प्रबंधन की ओर से पुरुषोत्तम नापित ने मामले की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने ट्रक क्रमांक सी.जी. 10 बीएन 4240 के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ट्रक को पुलिस ने जप्त कर लिया है, जबकि चालक अभी फरार है। थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि जिस जगह पर कोयला गिरना था, वहां पर मिट्टी ट्रक चालक द्वारा गिराई गई है। प्रबंधन की ओर से मामले की एफआईआर दर्ज करवाई गई है, पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि जिस जगह पर कोयला गिरना था, वहां ट्रक चालक ने मिट्टी गिरा दी। प्रबंधन की ओर से मामले की एफआईआर दर्ज करवाई गई है, चालक की तलाश की जा रही है।

## विवि के छात्र-छात्राओं ने शिवालय शिशु गृह का शैक्षणिक भ्रमण किया

**विजय मत, शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय। विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग प्रोफेसर नीलिमा खरे के मार्गदर्शन एवं विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग,अर्पित दुबे ,चंद्रकांत के समन्वय से शिवालय शिशुगृह का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। अधीक्षक श्री ब्रजेश कुमार दुबे द्वारा शिशुआलय के संचालन की संपूर्ण जानकारी मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों को प्रदान की गई जिसके अंतर्गत सतगुरु मिशन संस्थान के बारे में उन्होंने बताया कि स्कूल संचालित है । और बहुत समय से समाज कार्य के क्षेत्र में संस्थान बहुत से कार्य कर रहा है ,चाइल्डलाइन 1098 के बारे में भी छात्रों को




बताया गया कि एक राष्ट्रीय आपातकालीन हेल्पलाइन है, जो बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम करती है। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहती है और इसका उद्देश्य संकट में फंसे बच्चों को तुरंत मदद और समर्थन प्रदान करना है। चाइल्डलाइन 1098 के माध्यम से बच्चे शारीरिक शोषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह, घरेलू हिंसा या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या से जूझ रहे हों, तो वे सीधे संपर्क कर सकते हैं और उन्हें तत्काल सहायता मिलती है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत में सभी बच्चों को एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य प्रदान करना होता है जिसके लिए एक टीम एवं कुछ वोलेंटियर तथा समाज के जागरूक लोग इसमें सहभागिता देते है । भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक वैधानिक निकाय है, जो देश में दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को विनियमित और प्रोत्साहित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों के दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया पारदर्शी और नैतिक हो।

**पर्यावरण**

### सभी नगर पालिका एवं परिषदों में पॉलीथिन पर नहीं लग पा रहा लगाम, धड़ल्ले से हो रही बिक्री

# 75 प्रतिशत दुकानों में पॉलीथीन का खुलेआम उपयोग

**विजय मत, शहडोल।**

जिले में पर्यावरण सुरक्षा को लेकर नगर में पॉलीथिन पूर्णतः प्रतिबंधित कराने सभी नगर पालिका एवं नगर परिषद नाकाम साबित हो रही है। सार्वजनिक स्थानों में पॉलीथिन पूर्णतः प्रतिबंध का बोर्ड लगाकर खानापूर्ति की जा रही है। नगर में अभी भी 75 प्रतिशित दुकानों में पॉलीथिन का उपयोग किया जा रहा है। दूसरी ओर सिर्फ 25 प्रतिशत ग्राहक ही झोला लेकर बाजार पहुंच रहे हैं। सब्जी मंडी से लेकर शहर के कोने-कोने में दुकानदार पॉलीथिन में ही सामान देते नजर आ रहे हैं। दुकानदारों की मजबूरी है कि उन्हें व्यापार चलाने के लिए ग्राहकों को सुविधा देनी है। वहीं ग्राहकों में जागरूकता की कमी बताई जा रही है। समय-समय पर नगरपालिका व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से दिखावे की कार्रवाई कर कोरम पूर्ती की जा रही है। छोटे-छोटे दुकानदारों के प्रकरण तैयार कर रहे हैं, जबकि थोक विक्रेता पॉलीथिन का धड़ल्ले से व्यापार कर रहे हैं।



40 माइक्रोन से कम पॉलीथिन को अमानक श्रेणी में रखा गया है।

### कार्रवाई के अभाव में बिक रहा प्रतिबंधित पॉलीथिन

लंबे समय से नगर में अमानक पॉलीथिन को जब्त करने की कार्रवाई नहीं हुई। जबकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 40 माइक्रोन से कम मानक की पॉलीथिन का उपयोग करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। कार्रवाई के अभाव में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। पॉलीथिन का उपयोग करने के बाद लोग उसमें कचरा एवं गंदगी भरकर सड़क किनारे फैंक रहे हैं। अगर कोई मवेशी इन पॉलीथिन को खा लेती है तो उसकी जान पर बन आती है। मप्र प्रदूषण बोर्ड द्वारा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2011 के तहत

### प्रतिमाह अमानक पॉलीथिन की हो रही क्विंटलों खपत

अधिनियम में उल्लेख है कि रिसाइकिल कैरी बैग में खाद्य पदार्थों का भंडारण व पैकिंग नहीं की जाए, लेकिन शहर में इस ओर कार्रवाई नहीं होने से बाजार में प्रतिमाह अमानक पॉलीथिन की क्विंटलों खपत हो रही है। परंतु जिम्मेदारों द्वारा इस पर ना कोई कार्यवाही की जाती है, ना ही ध्यान दिया जाता है। लंबे अरसे से पॉलिथीन का उपयोग तो हो रहा है तथा यह सड़कों पर देखे भी जा सकते हैं,

### सब्जी मंडी में बोर्ड लगाकर चेतावनी

नगर पालिका ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सब्जी मंडी में पॉलीथिन प्रतिबंध का बोर्ड लगा दिया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि कपड़े का बैग उपयोग करें अन्यथा 1 हजार रुपए जुर्माना किया जाएगा। बावजूद इसके ग्राहक झोला लेकर आने को तैयार नहीं हैं। दुकानदार अपना व्यपार चलाने के लिए पॉलीथिन का उपयोग कर रहे हैं। नपा बोर्ड लगाने के बाद अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं कर सकी है।

### औपचारिकता निभाता है नगरीय प्रशासन

जिले के सभी नगरीय निकायों में प्लास्टिक और पॉलीथिन पर रोक लगाने की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की है। इसके लिए पहले से विशेष दल भी बना हुआ है जो समय- समय पर कार्रवाई कर भी रहा है। लेकिन अधिकारी जागरूकता रैली निकालकर औपचारिकता पूरी करने में व्यस्त रहते हैं। छात्र-छात्राओं के साथ रैली निकालकर खानापूर्ति की गई। इसके अलावा पॉलीथिन प्रतिबंध पर कोई जागरूकता एवं कार्यक्रम नही किया जाता है। दुकानदार एवं लोग भी अपने मनमर्जी से पॉलिथीन का व्यापक उपयोग करते हैं, उन्हें भी अपने जिम्मेदारी का कोई एहसास नहीं है।

### इनका कहना है

पॉलीथिन पूर्णत- प्रतिबंध करने के आदेश के बाद झोला की बिक्री 50 प्रतिशत तक बढ़ गई है। ग्राहक सामान ले जाने के लिए 10-20 रुपए के कपड़े का झोला ज्यादा खरीदते हैं। प्रशासन इसे पूर्ण प्रतिबंधित कर दे तो पर्यावरण सरंक्षण में और सुधार हो सकता है-
**झोला विक्रेता प्रदीप साहू**

दिनभर की दुकानदारी में 20 प्रतिशत ग्राहक ही घर से झोला लेकर आते हैं। उसके बाद भी सामान पॉलीथिन में देने को कहते हैं। पॉलीथिन रखने की मजबूरी है, न रखने पर व्यापार प्रभावित होता है। ग्राहक बिना पॉलीथिन के सामान लेने को तैयार नहीं होते हैं- **फल व्यापारी रामधनी चौधरी**

25 प्रतिशत ग्राहक ही घर से झोला लेकर आते हैं। ग्राहक सबसे पहले यही सवाल करता है कि पॉलीथिन है कि नहीं, हां कहने पर ही वह सब्जी लेने को तैयार होता है। मजबूरी है, दुकान चलाना है तो ग्राहकों को सुविधा देनी होगी-
**सब्जी विक्रेता घनश्याम सोनी**



## तीज त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति के परिचायक हैं : उर्मिला कटारे

शहडोल लेडीज क्लब ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर सिटी स्टार के सभागार में शरद उत्सव कार्यक्रम मनाया। सर्वप्रथम संस्था की अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे द्वारा सभी सदस्यों की उपस्थिति में कृष्ण राधा की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया तत्पश्चात रंगारंग कार्यक्रम के किए गए. इस अवसर पर विभिन्न गेम भी जो पूरी तरह से चांद को आधार बनाकर खिलाये गए. मेजबान सदस्यों श्रीमती साधना मंत्री संगीता शुक्ला भावना महिंद्रा बबली द्वारा कृष्ण और गोपियों का रूप मे महारास नृत्य प्रस्तुत किया गया, इस महारास में सभी सदस्यों ने सहभागिता निभाई लग रहा था सच में मथुरा वृंदावन की महारास लीला हो रही हो सभी झूम गए..

श्रीमती कटारे ने कहा कि भारतीय संस्कृति तीज त्योहार से परिपूर्ण है यहां हर महीने कोई ना कोई विशेष त्यौहार आते हैं इन त्योहारों के माध्यम से हमारी संस्कृति का परिचय तो होता ही है साथ ही हम सब एक दूसरे से परस्पर मिलकर प्रेम भाव को भी स्थापित करते हैं अनेकता में एकता लिया हुआ यह भारत देश एक अनुपम मिसाल कायम करता है.सभी सदस्यों को आगामी त्योहार करवा चौथ दीपावली की शुभकामनाएं दी गई मेजबान सदस्यों द्वारा विभिन्न गेम कराए गए जिसमें समय पाबंदी में अंजू झावेरी प्रथम अनुराधा आनंद द्वितीय युक्ता जगबनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार चूड़ी के ऊपर सजावट करके चंद्रमा राधा कृष्ण गोपी को आधार बनाकर गेम कराया गया जिसमें प्रथम स्थान आशा खरिया द्वितीय मिट्टी बग्गा तृतीय स्थान प्रभा मिश्रा युक्ता जगवानी उषा अरुण को, संयुक्त रूप से प्राप्त हुआ.. शरद पूर्णिमा और शरद चांदनी को आधार बनाकर गेम कराया गया जिसमें पुनः आशा खारिया प्रथम डॉली जैन द्वितीय मिट्टी बग्गा तृतीया मीनाक्षी पाठक चतुर्थ एवं अनुराधा आनंद ने पंचम पुरस्कार प्राप्त किया.। अंत में स्पेशल आकर्षण के रूप में सदस्यों के बीच एक लकी गेम कराया गया जिसके माध्यम से मल्लिका ए शरद चांदनी का चयन किया गया जिसमें आशा खारिया लकी विजेता के रूप में मल्लिका ए शरद चांदनी बनाई गई। इसी प्रकार लिखित गेम के माध्यम से भी एक शरद चांदनी क्वीन का चयन किया गया जिसमें विजेता के रूप में उर्मिला कटारे ने शरद चांदनी क्वीन का खिताब प्राप्त किया ।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# जलवायु परिवर्तन और पक्षियों के प्रवास के बदलते स्वरूप

जलवायु परिवर्तन केवल एक चर्चा का विषय नहीं है। यह एक ऐसी घटना है जो हमारी प्राकृतिक दुनिया में महत्वपूर्ण बदलाव ला रही है। सबसे ध्यान देने योग्य प्रभावों में से एक पक्षियों के प्रवास के पैटर्न में बदलाव है। सदियों से कई पक्षी प्रजातियां पूर्वानुमानित मार्गों और समय का पालन करते रहे हैं, लेकिन वैश्विक तापमान बढ़ने के साथ ये पैटर्न तेजी से बदल रहे हैं। पक्षी इष्टतम प्रजनन स्थल और भोजन क्षेत्र खोजने के लिए प्रवास करते हैं। परंपरागत रूप से, ये यात्राएं इस तरह से की जाती हैं कि पक्षी प्रजनन स्थलों पर उस समय पहुंचते हैं जब भोजन के स्रोत- जैसे कीड़े और पौधे, प्रचुर मात्रा में होते हैं। हालांकि, बढ़ते तापमान के कारण ये संसाधन अब साल के शुरू में ही उपलब्ध हो रहे हैं। गर्मी के कारण पौधे जल्दी खिलते हैं और कीट निकलते हैं, जिससे पक्षियों को अपने प्रवास के कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ रहा है। नतीजतन, कई प्रजातियां अब अपने प्रजनन स्थलों पर पहले पहुंच रही हैं। हालांकि, सभी प्रजातियां इन बदलती परिस्थितियों में इतनी जल्दी समायोजित नहीं हो पाती हैं। उदाहरण के लिए, हिमालय के पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सुंदर तीतर, हिमालयन मोनाल, पौधों की वृद्धि और कीटों के निकलने के समय में बदलाव का सामना कर रहा है। इस बेमेल के परिणाम स्वरूप मोनाल भोजन के स्रोतों की तलाश में आते हैं जो या तो समाप्त हो चुके होते हैं या प्रचुर मात्रा में नहीं होते, जिससे उनके प्रजनन और अपने बच्चों को सफलतापूर्वक पालने की क्षमता प्रभावित होती है। इसी तरह, चताका (पाइड कोयल) ने हाल के वर्षों में अपने आगमन के समय में बदलाव दिखाया है। परंपरागत रूप से यह पक्षी मानसून के आगमन के साथ आता था, लेकिन अब बारिश के पैटर्न और तापमान के बदलाव ने इसके आगमन को अनिश्चित बना दिया है। ब्लैक-टेल्ड गॉडविट- एक लंबी दूरी का प्रवासी समुद्री पक्षी, जो साइबेरिया में प्रजनन करता है और भारत तथा ऑस्ट्रेलिया में सर्दियां बिताता है, भी जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रहा है। समुद्र के स्तर में वृद्धि और ज्वार के पैटर्न में बदलाव भारतीय तटरेखा पर उनके भोजन के मैदानों की उपलब्धता को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपने प्रवास मार्गों में बदलाव करना पड़ रहा है। इंडियन स्कीमर (कैंची चोंच) एक लुप्तप्राय पक्षी जो नदी-द्वीपों पर प्रजनन करता है, इन परिवर्तनों को और स्पष्ट करता है।

# जमीनी स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का युग



शोभा करंदलाजे

उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का विजन केवल कारोबार के सृजन तक हीनहीं, बल्कि इससे आगे तक जाता है। यह बेरोजगारी को संबोधित करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके साथ ही, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर में ऋण गारंटी योजना की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है, जो मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋणउपलब्ध कराती है और यह सीधे तौर पर किफायती ऋण तक पहुंच की महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करती है तथा कारोबारियों को अपने व्यवसाय में उन्नत प्रौद्योगिकीमें निवेश करने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है।

वर्तमान समय में, विश्व तीव्र गति से एक ऐसे तकनीकी भविष्य की ओर बढ़ रहा है,जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक आख्यान का केंद्र बिंदु बन गया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का लक्ष्य हमारे युवाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से आने वाले समुदायों,महिलाओं, दिव्यांगजनों,पूर्वसैनिकों और आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों जैसे पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों से उद्यमिता को एक व्यवहार्य कैरियर मार्ग के रूप में लेने के लिए प्रेरित करना है। उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का विजन केवल कारोबार के सृजन तक हीनहीं, बल्कि इससे आगे तक जाता है। यह बेरोजगारी को संबोधित करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके साथ ही, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर में ऋण गारंटी योजना की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है, जो मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋणउपलब्ध कराती है और यह सीधे तौर पर किफायती ऋण तक पहुंच की महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करती है तथा कारोबारियों को अपने व्यवसाय में उन्नत प्रौद्योगिकीमें निवेश करने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। ऋण के इस प्रजातंत्रीकरण से बहुत सारे छोटे और उभरते हुए व्यवसायों को लाभ पहुंचना तय है। यहीकारोबार जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देंगे और इससे धन-संपत्ति का जो सृजन होगा, वह समाज के सभी वर्गों तक तेज़ी तक पहुंचेगा।




इस वर्ष के केंद्रीय बजट में संकट की अवधि के दौरान ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था को शुरू किया गया है,जो सरकार-गारंटीड निधि द्वारा समर्थित है और ये व्यवसायों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति बनने से रोकने में मदद करता है और समग्र आर्थिक स्थिरता बनाए रखता है। %तरुण% श्रेणी के तहत उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण को दोगुना करके 20 लाख रुपये करना एक काफी बड़ा प्रोत्साहन है,जो व्यवसायों को बड़े पैमाने पर बढ़ाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। कम टर्नओवर सीमा और विस्तारित पात्रता के साथ व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली में सुधार एमएसएमई के लिए तरलता और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाता है। तीन वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एमएसएमई समूहों में सिडबी शाखाओं का नियोजित विस्तार अधिक सुलभ वित्तीय सेवाओं का आश्वासन देती है, जिससे स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 एनएबीएल-मान्यता प्राप्त खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा और नए बाजार के अवसर खुलेंगे।

पीपीपी मोड में ई-वाणिज्य निर्यात केंद्र का निर्माण एक और दूरदर्शी पहल है, जो एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को वैश्विक बाजारों तक अधिक आसानी से पहुंचने और डिजिटल बदलाव तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है।÷फर्स्ट टाइमर्स÷ योजना से, जो औपचारिक रोजगार क्षेत्रों में नए लोगों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में 15,000 रुपये तक एक महीने का वेतन प्रदान करती है, जो लगभग 210 लाख युवा कामगारों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, विनिर्माण क्षेत्र में नए कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए प्रोत्साहन, पहले चार वर्षों के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों दोनों के लिए ईपीएफओ योगदान को कवर करता है, जिससे 30 लाख व्यक्तियों को लाभ पहुंचताहै। सरकार सुरक्षा उपायों को संस्थागत बना रही है और युवाओं को उनकी अपार क्षमता के साथ भारत की प्रगति के इंजन को चलाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही,नियोक्ता के कल्याण का भी ध्यान रखा जा रहा है, इस योजना के तहत नियोक्ताओं को एक लाख रुपये प्रति माह तक कमाने वाले प्रत्येक अतिरिक्तकर्मी के लिए दो वर्ष के लिए 3,000 रुपये मासिक तक की प्रतिपूर्ति की जाती है, जिसका लक्ष्य 50 लाख नए कामगारों को रोजगार देना है। सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और क्रेश स्थापित करने के लिए उद्योगों के साथ भागीदारी करके एक ठोस कदम उठा रही है, साथ ही विशेष कौशल विकास कार्यक्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) उद्यमों के लिए बाजार तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। इसका आदर्श वाक्य है समावेशिता। समावेशी आर्थिक विकास की तलाश में, उद्योग और शिक्षाजगत के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभरा है, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास में। इस महत्व को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एमएसएमई चैंपियंस योजना के तहत एमएसएमई नवप्रवर्तनकारी योजना को लागू किया है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और एमएसएमई क्षेत्र के बीच और मजबूत संबंध बनाना है।

दूसरी ओर, शैक्षणिक संस्थान ज्ञान और नवाचार के केंद्र हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें व्यवहारिक अनुप्रयोग संदर्भों का अभाव पाया जाता है। एमएसएमई नवप्रर्तनकारी योजना इस अंतर को पाटती है और एक पारस्परिक संबंध बनाती है, जोदोनों क्षेत्रों को लाभ पहुंचाती है और इसकी वजह से हमारी अर्थव्यवस्था और व्यापक हो जाती है। इस योजना का दृष्टिकोण बहु-आयामी है। इनक्यूबेशन घटक के तहत मेजबान संस्थानों के रूप में 697 शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी इस योजना के व्यापक रूप से अपनाए जाने और इसके संभावित प्रभाव का सबूत है। इससहयोग का एक प्रमुखफोकस छात्रों और एमएसएमई कर्मियों के औद्योगिक कौशल को बढ़ाना है। यह कौशल विकास एक ऐसा कार्यबल बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, जो न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हो, बल्कि उद्योग के लिए भी तैयार हो। छात्रों के लिए, यह वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों और अवसरों के लिए मूल्यवान संपर्क मुहैया कराता है। एमएसएमई के लिए, ये नएपरिप्रेक्ष्य और नवीनतम शैक्षणिक शोध तक पहुंच प्रदान करता है, जो संभावित रूप से उनकी परिचालन चुनौतियों के लिए नवप्रवर्तनकारी समाधान की ओर ले जाता है।आज तक, हमने पिछले 10 वर्षों में 17 करोड़ नौकरियों की उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी है। अगर हम इस बात को सही परिप्रेक्ष्य में रखें, तो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ की तुलना में, वर्ष 2023-24 में देश में रोजगार बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम एक ऐसे भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जहां विकास हर घर तक पहुंचे और हर व्यक्ति के जीवन को छुए तथाहमारी सामूहिक ऊर्जा को विश्वगुरु बनने के आदर्श की ओर ले जाए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम महान पुनर्जागरण के युग की ओर बढ़ रहे हैं,जो हमें विकसित भारत के स्वर्णिम युग में ले जाएगा।

**लेखक-केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम तथाश्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# अब अपनी बंद नहीं, खुली आंखों से देखेगी इंसाफ की देवी

**निखिल भट्ट**

देश के मुख्य न्याय मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने न्याय के क्षेत्र में एक अनोखी पहल की जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटा कर उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब थमा दी गई है जबकि पहले इस प्रतिमा के एक हाथ में तराजू तो दूसरे हाथ में तलवार थी और आंखों में पट्टी बंधी हुई थी ये यह अनोखा परिवर्तन बहुत लंबे वक्त के बाद किया गया है जो अपने आप में कानून की देवी की एक अलग व्याख्या करता है । कानून अंधा होता है इसका तात्पर्य यह था कि उसकी निगाह में अमीर, गरीब, बलवान, कमजोर, पीड़ित और अत्याचारी सब एक जैसे हैं क्योंकि जब वह अपनी आंखों में पट्टी बांधे हुए थी तो उसके सामने यह सच नहीं आता था कि उसके सामने न्याय की मांग करने वाला कौन है इसलिए वो इनमें भेदभाव ना करते हुए न्याय प्रदान करती थी कानून अंधा होता है ये ना केवल एक कहावत बन गई थी बल्कि इस पर फिल्में भी बनी है इसके साथ-साथ इस न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू थी जो इस बात को प्रतिबिंबित करती थी कि उसके तराजू में कोई पासंग नहीं है वह वह दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती है और फिर अपनी तराजू पर उसको तौल कर पर न्याय का प्रदर्शन करती है दूसरे हाथ में तलवार शक्ति का भी प्रदर्शन करती थी। तलवार वीरों का हथियार आदिकाल से हिंदू संस्कृति का एक अंग रहा है इस तलवार का अर्थ यह भी था कि न्यायालय जो भी निर्णय देता है उसका सम्मान संबंधित लोगों को करना चाहिए और ऐसा नहीं होता है तो वह तलवार की धार जैसा नुकीला निर्णय भी दे सकता है । अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का ना तो किसी ने सोचा था और ना ही इस पर किसी ने कोई पहल की थी लेकिन अपने कठोर निर्णयों के लिए मशहूर देश के मुख्य न्यायाधीश मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने जो पहल की है उसने न्याय, और न्याय करने वालों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है इस नई पहल के तहत इंसाफ की देवी की आंखों से पट्टी इसलिए हटा दी गई है कि वह अपनी खुली आंखों से सब कुछ देख सके, किसी अंधे की तरह टटोलकर किसी चीज का निर्णय न कर सके, अपनी जीवंत आंखों के माध्यम से हर मुकदमे को देखे समझे और फिर उस पर अपना निर्णय दें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# हिजबुल्लाह का याह्या सिनवार मौत पर एक्शन-इजरायल पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन- तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ दो खेमों में बंट चुकी है। इन देशों में अप्रत्यक्ष रूप से प्रॉक्सी वॉर शुरू है,इस बीच भारत कनाडा का टेंशन भी बड़ा हुआ है, वहीं इस बिगड़ते माहौल व युद्ध के बीच 19 अक्टूबर 2024 को देर शाम इजरायल के प्रधानमंत्री के घर ड्रोन हमले की जानकारी डिजिटल मीडिया पर आग की तरह फैली जिसे देर रात्रि इजरायली पीएमओ कार्यालय व आईडीएफ ने भी कंफर्म किया व किसी जनहानि से इनकार किया। उधर इस कठिन माहौल के बीच रूस के कज़ान में 23 -25 अक्टूबर 2024 सेब्रिक्स देशों का 16वाँ शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है जिसकी तैयारियां जोर-जोर से की गई है। भारतीय पीएम भी 22-23 अक्टूबर 2024 को इस महासम्मेलन में शामिल होंगे, जिसमें संभावित वैश्विक जंग यानें वैश्विक युद्ध के दोनों आधार रूस-यूक्रेन व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के उपचार में भारतीय पीएम फिर ग्लोबल लीडर साबित हो सकते हैं।परंतु अभी नए घटनाक्रमों के चलते इस बारे में कहा नहीं जा सकता। चूँकि इजरायली पीएम के घर पर ड्रोन हमले से इसराइल एफडीआई के सुरक्षा घेरे में सेंघ से दुनियाँ हैरान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे हिजबुल्लाह का याह्या सिनवर मौत पर एक्शन इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन, तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन।

साथियों बात अगर हम इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमले की करें तो,लेबनानी गुट हिजबुल्लाह की ओर से शनिवार को निजी आवास पर ड्रोन हमले की कोशिश के बाद इजरायली पीएम बेंजामिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस ड्रोन अटैक के पीछे ईरान के एजेंट हिजबुल्लाह का मकसद उनको मारना था।उन्होंने दावा किया कि उनके साथ-साथ उनकी पत्नी की भी हत्या इस ड्रोन अटैक के जरिए करने की साजिश थी। उन्होंने इस अटैक के लिए ईरान के प्रॉक्सी और एजेंट्स को जिम्मेदार कहा है।ईरान पर लगाया हमले का आरोप,याह्या सिनवार की मौत और ड्रोन हमले ने इस युद्ध में एक नया मोड़ दिया है। इजरायल अब हामास और उससे जुड़े ईरानी एजेंटों से संघर्ष को बढ़ाता हुआ



नजर आ रहा है।मसलन, इजरायली अधिकारी ने दावा किया कि हमले ईरान के इशारे पर किए गए थे, लेकिन इसके लिए इजरायल ने कोई सबूत पेश नहीं किया है।पीएम ऑफिस से आए एक बयान के मुताबिक, ईरान ने नेतन्याहू को निशाना बनाने की कोशिश की थी। यह घटना कासेरिया में हुई,जो अपने शानदार विला और रोमन सभ्यता के अवशेषों के लिए मशहूर है।इडीएफ ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। ईरान की तरफ से फिलहाल इजरायल के आरोपों पर कुछ प्रतिक्रिया समने नहीं आई है।कहा जा रहा है कि ड्रोन हमले के बीच लोगों को कोई वार्निंग नहीं मिली। मसलन, इजरायल का सुरक्षा कवच (वार्निंग सिस्टम) आमतौर पर किसी भी हमले को भांप लेता है और साइरन के जरिए लोगों की चेतावनी मिलती है। हालांकि, नेतन्याहू के आवास को निशाना बनाने वाले ड्रोन्स का पता नहीं चला।

साथियों बात अगर हम दुनियाँ के अलग-अलग गुटों में बटें होने व भारत की भूमिका की करें तो, इस समय अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य जटिल भी होता जा रहा है। दुनियाँ अलग अलग इलाकों में कई तरह से बंटी नजर आती है। जहां यूक्रेन के खिलाफ अमेरिक़ा पूरी दुनियाँ को रूस को लामबंद कर रहा है, और भारत रूस का साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, वहीं हमारा देश कई मामलों में चीन के खिलाफ अमेरिका का साथ देता दिखता है, तो फिर रूस, भारत, चीन, ब्राजील और साउथ अफ्रीका जैसे देशों का संगठन कुछ अजीब सा ही लगता है।पिछ्ले कुछ समय से दुनियाँ में हलचल और युद्ध का संकट ज्यादा दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत की वैश्विक मंच पर भूमिका भी और भी संवेदनशील हो चली है। ऐसे में भारत और रूस, सहित कई विकासशील देशों का आपस में एक सहयोग संगठन में है जिसे ब्रिक्स कहते हैं।आगामी 22 अक्टूबर भारतीय पीएम रूस के शहर कजान में इसी के सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे हैं। भारत के पीएम अपनी वैश्विक भूमिकाओं के कारण ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। वे दुनियाँ के हर मंच पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले उनकी ये भूमिका उन्हें दुनियाँ के अन्य नेताओं से अलग करती है।

साथियों बात अगर हम युद्ध के माहौल में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 की करें तो, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत के पीएम के इज़राइल व फिलिस्तीन और रूस व यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए किए गए प्रयास के कारण एक बार फिर ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिएभारतीय पीएम के प्रयासों की सराहना की है। इससे पीएम की यह छवि और पुख्ता हुई है। पुतिन ने इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना है। भारत ने हमेशा दोनों पक्षों के बीच बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है।भारत सरकार ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया है, साथ ही भारत ने हमेशा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और दो-राज्य समाधान के सिद्धांत का समर्थन किया है। भारत की भूमिका में मध्यस्थता, कूटनीतिक संवाद, और मानवता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8164

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ |
| 20 | | | | 21 | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | ■ | 24 | | 25 | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. सुरक्षित,संरक्षित-4
4. उत्सुकता,जिज्ञासा-3
6. पिता के पिता-2
7. नमस्कार,प्रणाम-3
9. आखेट मंच-3
11. आत्मबलिदानी-5
12. प्लेट,तश्तरी-3
15. रहस्य,भेद-2
16. जी,चित्त-2
18. जुड़वा-3
20. मन का मिलना-5
22. नल,टोंटी-3
24. देवर्षि,देवमुनि-3
26. गुप्तचर,जासूस-2
27. गमन,विदा होना-3
28. ईश्वर,रब-4

### ऊपर से नीचे

1. सद्चरित्रता-3
2. इच्छा,मर्जी-2
3. अंधकार,अंधेरा-3
5. धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5
6. मोल,कीमत,दर-2
8. नरक के समान-5
10. बेकार,अयोग्य-3
13. बुआई करना-2,3
14. विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)
17. प्रणाम,नमस्कार-3
19. जल में रहने वाला-4
21. स्वर्ग का विलोम-3
23. छोटी सवारी गाड़ी-2
25. कीमत,भाव-2

### शब्द पहेली -8163 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | ■ | ■ | आ | का | श |
| रा | ■ | ■ | स्त | र | ही | न | ■ | म |
| रा | त | ■ | ■ | सी | ना | ■ | ■ | शी |
| ■ | र | ग | ■ | ला | ■ | क | बी | र |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | स | र | ■ |
| क | री | ब | ■ | मि | ■ | र | ब | ■ |
| रा | ■ | ■ | चा | रा | ■ | ■ | ल | ब |
| मा | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | हा |
| त | र | ह | ■ | ■ | म | ज | बू | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6949

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### सूडोकु नवताल -6948 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## न्यूज इन शॉर्ट



### सिकल सेल पेशेंट सपोर्ट ग्रूप की मासिक बैठक में मरीज की जांच बाद दी गई दवाईयां

अनूपपुर। जिला अस्पताल में प्रत्येक माह की 19 तारीख को आयोजित की जाने वाली मासिक सिकल सेल पेशेंट सपोर्ट ग्रूप मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सिकल सेल के 74 रोगी शामिल हुए। सिकल सेल के लक्षण वाले 6 नए लोगों के सैंपल लिए गए, साथ में फैमिली सैंपल भी लिए गए। सभी रोगियों का परीक्षण करने के बाद चिकित्सको द्वारा सलाह दी गई तथा मरीजों को पोषण युक्त भोजन के सम्बन्ध मे सलाह एवं एक माह की दवाई भी नि-शुल्क प्रदान की गई है।

### गुमशुदा जयप्रकाश गुप्ता की माता ने लिखाया एफआईआर



शहडोल। गुमशुदा जयप्रकाश गुप्ता उम्र 28 साल निवासी ग्राम दधिवल कॉलोनी थाना सोहागपुर जिला शहडोल 19 अक्टूबर 2024 के प्रातः 7:00 से लापता है उनका कोई खबर नहीं है। इस हेतु प्रकाश गुप्ता की माता विमल गुप्ता पति गंगाराम गुप्ता उम्र 47 वर्ष ने सुहागपुर थाना पहुंच कर गुमशुदा का प्रथम सूचना दर्ज कराया है।

### सामतपुर तालाब में लगे फब्बारा का केबिल तार चोर रंगे हाथ गिरफ्तार



अनूपपुर। जिला मुख्यालय अनूपपुर के कोतमा अनूपपुर मुख्य मार्ग से सटे प्रसिद्ध सामतपुर तालाब में लगे फब्बारा के बिजली केबिल तार को चोर द्वारा काटकर ले जाने का असफल प्रयास किया गया, जहां नगरपालिका के पार्षद द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर चोर की गिरफ्तारी की गई। घटना शनिवार की दोपहर की बताई जाती है। थाना प्रभारी अरविन्द जैन ने बताया कि शनिवार की दोपहर वार्ड नम्बर 2 अनूपपुर के पार्षद संजय चौधरी एवं संजू राठौर ने सामतपुर तालाब में नपा के द्वारा सौंदर्य सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए फब्बारा के केबिल तार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटकर निकालते देखा गया, जिसे प्रभारी सीएमओ डीएन मिश्रा के द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर प्रधान आरक्षक रीतेश सिहं, आरक्षक अमित यादव, दीपक बुन्देला के द्वारा सामतपुर तालाब पहुंचकर फब्बारा के केबिल तार चोरी करने वाले आरोपी 28 वर्षीय राजेश कुशवाहा पिता जगदीश कुशवाहा निवासी भूरा पेट्रोल पम्प के सामने अमलाई शहडोल को पकड़ा। चोरी किए गए केबिल तार कीमत 50 हजार रूपए के साथ रंगे हाथों पकड़ थाना लाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी का पुलिस रिमांड में लिया है, जिससे जिले में हुई अन्य चोरियों एवं चोरी का माल खरीदने वालो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### भूकंप आपदा पर व्याख्यान एवं मॉक अभ्यास 25 एवं 26 अक्टूबर को

अनूपपुर। भूकंप आपदा विषय पर 11 वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा 25 एवं 26 अक्टूबर को व्याख्यान एवं मॉक अभ्यास कराया जाएगा। जानकारी देते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया है कि कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में 25 अक्टूबर की दोपहर 3 से भूकंप के दौरान बचाव एवं सुरक्षा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इसी तरह 26 अक्टूबर को मॉक ड्रिल आयोजित होगा। इस बाबत आवश्यक तैयारी के संबंध में कलेक्टर ने होमगार्ड कमांडेंट को निर्देश दिए है।

### कलेक्टर बोले-सीएम हेल्पलाइन और जन आवेदनों का प्राथमिकता में करें निराकरण

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सीएम हेल्पलाइन, जन आकांक्षा, जनसुनवाई तथा टीएल के जन आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जिन विभागों में आवेदन ज्यादा संख्या में लंबित है, वह आवेदनों का परीक्षण कर इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में विभागों की ग्रेडिंग के सुधार के निर्देश दिए हैं।

### घर के बाहर सडक़ पर खड़ी महिला को बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

अनूपपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के बैरीबांध गांव में शनिवार की शाम घर से बाहर सडक़ के पास खड़ी महिला 45 वर्षीय महिला प्रेमवती बाई पति संतोष सिंह को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना शाम 6 बजे के आसपास की बताई जा रही है। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला और बाइक सवार दो युवकों को जिला अस्पताल अनूपपुर में भर्ती कराया। बताया जाता है कि 18 वर्षीय अमर सिंह पिता बीरभान सिंह निवासी ग्राम चोलना एवं 21 वर्षीय कोमल सिंह पिता गुंडुल सिंह बाइक से चोलना से जमुडी गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में बैरीबांध के पास घर के बाहर सडक़ किनारे खड़ी महिला को टक्कर मार दिया।

---

राजनगर ओसीएम में ब्लास्टिंग के दौरान ठेका मजदूर की हुई थी मौत, रविवार की सुबह हुआ अंतिम संस्कार

# एसडीएम रिपोर्ट के बाद लापरवाह कॉलरी और कंपनी अधिकारी के खिलाफ दर्ज होगा मामला

**विजय मत, अनूपपुर।**

एसइसीएल उपक्षेत्र के हसदेव अंतर्गत राजनगर ओसीएम में कॉलरी प्रबंधकों की लापरवाही में शनिवार को ब्लास्टिंग के दौरान वहां काम कर रहे ठेका मजदूर अजय कोल की हुई मौत के बाद अब पुलिस ने मामले में सख्ती दिखाई है, जहां पुलिस इस मामले में लापरवाह कॉलरी व ब्लास्टिंग से जुड़े कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित लापरवाही में मौत का मामला पंजीबद्ध करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए पुलिस अधिकारी एसडीएम कोतमा की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं पुलिस भी मामले में अपने स्तर से जांच पड़ताल कर मामले में गंभीर आरोप के साथ दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान का कहना है कि कॉलरी खदानों में ब्लास्टिंग का रूल रेगुलेशन होता है, जिसके तहत ही ब्लास्टिंग कराई जाती है, यहां जिस तरीके से ठेका मजदूर युवक की मौत का मामला सामने आया है, इसमें कंपनी और ब्लास्टिंग से जुड़े अधिकारियों की लापरवाही दिख रही है। अगर ब्लास्टिंग के दौरान सायरन बजी, सुरक्षा अधिकारियों ने ब्लास्टिंग स्थल का निरीक्षण कर ब्लास्टिंग के लिए हरी झंडी दिखाई तो यह मजदूर वहां कैसे रह गया। फिलहाल हम एसडीएम जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जैसे ही रिपोर्ट आती है गैर इरादतन हत्या और लापरवाही बरतने के मामले में दर्ज किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को दोपहर 12 बजे ब्लास्टिंग के दौरान वहां काम कर रहे ठेका मजदूर अजय कोल की खदान के भीतर मौत हो गई थी, मजदूर घर का एकलौता कमाने वाला बेटा था। सबसे आश्चर्य की बात यही कि यहां मिट्टी हटाकर एसइसीएल कंपनी के लिए कोयला मुहैया कराने वाली मां कुदरगढ़ी प्रायवेट लिमिटेड कपंनी जिसका वह मजदूर था के कर्मचारी उसके शव को अस्पताल में छोडक़र मौके से भाग निकले थे। वहीं कॉलरी के भी कोई जिम्मेदार अधिकारी घटना के बाद एसइसीएल अस्पताल राजनगर नहीं पहुंचे थे।

#### देर शाम तक कॉलरी के गेट पर ग्रामीणों और प्रबंधकों के बीच मान मनोबल

घटना के बाद परिजनों व ग्रामीणों द्वारा शव को अस्पताल से सीधे कॉलरी भेजा गया था, जहां बाद में परिजनों व ग्रामीणों ने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिजनों को मुआवजे व नौकरी की मांग में कॉलरी गेट पर धरना प्रदर्शन किया। घटना के बाद बिजुरी, रामनगर, कोतमा, भालूमाड़ा और फुनगा चौकी की पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए परिजनों को शांत कराया और प्रबंधक के साथ जिला प्रशासन प्रतिनिधि कोतमा एसडीएम व एसडीओपी अनूपपुर ने बातचीत कर


सुरक्षा प्रबंध में कॉलरी की लापरवाही से उजड़ गई मां की कोख, एकलौते बेटे की टूटी सांसे, खदानों में भगवान भरोसे ठेका मजदूर
राजनगर ओपन कास्ट में ब्लास्टिंग की चपेट में आए युवक की मौत
ब्लास्ट से पहले नहीं जांचा क्षेत्र, मृतक युवक को एसइसीएल अस्पताल में ही छोडक़र कंपनी के कर्मचारी हुए फरार


मुआवजा और नौकरी दिए के कॉलरी आश्वासन पर परिजनों को वापस लौटाया। हालांकि इस विवाद में शाम होने के कारण शव का अंतिम संस्कार नहीं हो सका था, जिसका रविवार की सुबह अंतिम संस्कार कराया गया।

#### घटना में दोषी अधिकारियों पर नहीं चलता कानून का डंडा

जिले में संचालित 18 खदानों में रोजाना कहीं न कहीं कोई हादसे या घटनाएं घटित होती रहती है, इनमें कई ऐसी दुर्घटनाएं सामने आई, जिसमें डीजीएमएस घनबाद की टीम से जांच कराकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का कॉलरी अधिकारियों ने आश्वासन दिया, वहीं पुलिस भी मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने कार्रवाई को आश्वास्त करती रही, लेकिन आश्चर्य हर बड़ी घटना के बाद कभी न तो धनबाद से जांच टीम पहुंची और ना ही पुलिस का डंडा ऐसे दोषी अधिकारियों के उपर चला। जिसके कारण यहां मजदूरों के जान जाती रही और कॉलरी प्रबंधन मुआवजा व नौकरी के पुलंदे में परिजनों को चुप कराते रहे।

#### इनका कहना है।

एसडीएम जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जैसे ही जांच रिपोर्ट मिलती है दोषी अधिकारियों व कंपनी के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जाएगी और आगे की वैधानिक कार्रवाई कराई जाएगी।

**मोती उर रहमान,**
**पुलिस अधीक्षक अनूपपुर।**

---

# राज्य मंत्री दिलीप जैसवाल द्वारा जैन युवक युवती परिचय पत्रिका का किया गया विमोचन

**विजय मत, कोतमा।**

कोतमा नगर में ऋषभ चंदेरिया की अगुवाई में भारतवर्षीय गोलापूर्व जैन महासभा के द्वारा दिगंबर जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन करवाया गया, जिसमें मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों से हजारों की संख्या में जैन समाज के लोग पहुंचे। जिनके रुकने और भोजन की बहुत ही शानदार व्यवस्था की गई



#### युवक युवती परिचय पत्रिका का उद्देश्य

अखिल भारतवर्षीय कोल्हापुर महासभा के द्वारा 20वां परिचय सम्मेलन कराया जा रहा है जिसमें वैवाहिक पत्रिका का विमोचन मध्य प्रदेश शासन के लघु एवं कुटीर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा किया गया, पत्रिका का मूल उद्देश्य पूरे भारत वर्ष में जितने भी जैन युवक, युवती विवाह योग्य है उनकी जानकारी पत्रिका के माध्यम से सभी को सरलता से मिल सके, परिवार अपने बच्चे और बच्चियों के लिए सुयोग्य वर एवम वधू की तलाश कर सके इस पत्रिका में युवक युवती के बारे में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है उनकी योग्यता का विवरण, रिश्तेदारों का विवरण, मोबाईल नम्बर एवम अन्य आवश्यक जानकारियां, जो सरलता से वैवाहिक पत्रिका के माध्यम से प्राप्त हो जाती है।

#### रामलाल रौतेल एवम उमरिया कलेक्टर भी हुए शामिल

जैन समाज के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल, उमरिया कलेक्टर धरनेंद्र जैन, नपा अध्यक्ष अजय सराफ, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी, पुष्पेंद्र जैन, प्रभात मिश्रा, हनुमान गर्ग, रोशन वारसी सुनील गौतम, मुनेश्वर पांडे , पत्रकार गण भी शामिल हुए।

#### चेतना सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए संपन्न

अखिल भारतीय गोलापूर्व महासभा के द्वारा प्रतिवर्ष जैन समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरुस्कृत किया जाता है महासभा की समाज सेवी संस्था चेतना संगठन के निर्देशक विनोद जैन के द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के भी प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भी शानदार मंचीय कार्यक्रम किया गया एवं महिला मंडल के द्वारा मंगलाचरण कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की गई।

#### इनकी रही महत्त्वपूर्ण भूमिका

दो दिवसीय कार्यक्रम की सफलता में मुख्य भूमिका रही है ऋषभ चंदेरिया, राजेंद्र चंदेरिया, वीरेंद्र जैन सत्कार, राजेश जैन, पदम चंद जैन, अनिल जैन, किशोर चंद्र जैन, संतोष जैन शुभम, नत्थूलाल जैन, संजय कुमार जैन ,पुष्पेंद्र जैन, सुनील जैन, सचेंद्र जैन,अशोक जैन अजीत जैन, संतोष जैन, राजकुमार जैन, विनोद जैन, मनोज जैन, पवन जैन, कैलाश जैन महेंद्र जैन, जयंत जैन, अजय कुमार जैन, राजेश कुमार जैन, धीरेंद्र जैन, पुष्पेंद्र जैन, राहुल जैन, सुधीर जैन, कृष्ण कुमार जैन प्रवीण कुमार जैन, योगेंद्र जैन नीरव जैन, अनुज जैन मिंटू, आशीष जैन , संपूर्ण कोतमा एवम जैतहरी जैन समाज।

### जैन समाज दो दिवसीय स्वास्थ्य नेत्र शिविर हुआ सम्पन्न

कोतमा नगर में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में इंदौर के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, कोतमा जैन समाज के तत्वाधान में महत्वपूर्ण भूमिका राजेश जैन राजेश मेडिकल एवम सचिन जैन शुभम ड्रग हाउस की रही जिनके दिशा निर्देशन में नेत्र शिविर , दंत शिविर, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण बीपी एवं शुगर जांच की व्यवस्था की गई कोतमा नगर एवं आसपास के गांव के लोगों को इस शिविर का लाभ प्राप्त हुआ लगभग तीन से पांच हजार चश्मे वितरित किए गए शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे कोतमा बीएमओ आरके वर्मा जी ने बातचीत के दौरान बताया कि बीपी और शुगर जांच के उपरांत देखने को यह मिल रहा है कि बहुत से लोगों में बीपी और शुगर की समस्या है उन्हें अपने खान पान में ध्यान देना होगा एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। कोतमा नगर के जाने-माने दंत चिकित्सक अमित सेठिया के द्वारा इस सिविल में अपनी सेवाएं प्रदान की गई दो दिनों तक लगातार उनके द्वारा मरीजों का दंत परीक्षण किया गया एवं निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

### पुष्पराजगढ़ के भैंसानटोला में दस साल से मुफ्त बिजली की आपूर्ति

अनूपपुर। यदि आपको लगता है कि केवल सरकार ही मुफ्त बिजली की घोषणा कर सकती है तो आप फिर से विचार कर लें। क्योंकि अनूपपुर जिले में विद्युत विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से एक गांव की आधी आबादी को पिछले दस साल से मुफ्त बिजली मिल रही है। इस गांव के चंद लोगों ने विधिवत कनेक्शन ले रखा है और वो बिजली का बिल पटाते हैं। लेकिन बांकी लोगों ने विभाग की मिली भगत से स्वयं से तार खींच कर( कटिया लगाकर ) घरों को रोशन कर रखा है। जानकारी के अनुसार पुष्पराजगढ़ के ग्राम करपा के सरईपतेरा एक वार्ड भैंसानटोला में ट्रांसफॉर्मर से लेकर आबादी ( घरों )तक बिजली के खंभे तो लगे हैं, लेकिन 10 साल से आज तक इनमें बिजली का तार नहीं लगाया गया है। इसके कारण यहां के सभी घरों में व्यक्तिगत तार खींच कर (कटिया लगाकर )लोगों द्वारा बिजली का उपयोग किया जा रहा है। इस गांव के कुछ जागरूक ग्रामीणों की शिकायत है कि कई बार खंभों में तार लगवाने की मांग की गई।

### मवेशी से टकराया बाइक सवार, पीछे से आ रहे अन्य बाइक सवार भी हुआ घायल

अनूपपुर। कोतवाली थाना अनूपपुर क्षेत्र के भोलगढ़ गांव के पास शनिवार की शाम 7.30 बजे के आसपास नेशनल हाइवे 43 पर सडक़ हादसे में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल अनूपपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस सहायता केंद्र जिला अस्पताल के अनुसार अधिवक्ता 45 वर्षीय राजेश पटेल पिता स्व. प्रेम दास पटेल निवासी पसला अपनी बाइक से अनूपपुर से पसला गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में भोलगढ़ में सडक़ पर खड़े मवेशी से टकरा गए। मवेशी से टकराने के बाद राजेश पटेल बाइक सहित वहीं गिर गए। इसी दौरान पीछे से 29 वर्षीय रविकांत पटेल पिता राजेंद्र प्रसाद पटेल निवासी बम्हनी भी अचानक सडक़ पर गिरी बाइक से जा टकराया।

# देश के कोने कोने से आए कवियों ने बांधा समा

**विजय मत, सीधी।**

शहर के पूजा पार्क में विगत दिवस आयोजित हुए समय समागम कवि सम्मेलन मेंदेश के विभिन्न राज्यों से आए कवियो अपने शानदार प्रस्तुति एवं मधुर स्वरका ऐसा जादू विखेरा कि शनिवार की शाम से प्रारंभ हुआ कवि सम्मेलन रविवारके आगाज के साथ समाप्त हुआ। देर रात तक हजारो काव्य पाठ प्रेमियों नेप्रांगण में अपनी उपस्थिती बनाई रखी, जो कि अपने आप में कवि सम्मेलन कीसफलता को शिखर तक पहुॅचाया है। श्रोताओं ने कहा कि वर्षो बाद आयोजितकाव्य पाठ कार्यक्रम में देश के कोने कोने से आए कवियों ने ऐसा समा बांधाकि सभी श्रोता झूम उठे।

#### सभी के प्रति हृदय से आभार - अमित



समय समागम कवि सम्मेलन कार्यक्रम के संयोजक अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, समय समागम कार्यक्रम सहयोगी, व्यवस्थापकएवं हजारों संख्या में उपस्थिति श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया है।कवि सम्मेलन में मुख्य रूप कवि सुप्रसिद्ध हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज, हास्य कवि अमित शुक्ला, हास्य कवि कामता माखन, बृजेश सिंहसरल, अतुल पटवारी, डॉक्टर आरती तिवारी, कीर्ति चौबे, धरमवीर धरम दिल्ली,विपिन मिश्रा एवं हर्ष पाण्डेय सरस जैस कवियों द्वारा प्रस्तुति दी गई।श्री स्वतंत्र ने कहा कि समय समागम कवि सम्मेलन को जिस प्रकार से सफलबनाने में जिले के नागरिकों का श्रोता के रूप में सहयोग मिला है यहभविष्य में इस प्रकार के और बड़े साहित्यिक आयोजनों के लिए प्रोत्साहनहै।आयोतिज समय समागम विशाल कवि सम्मेलन के समापन अवसर पर संजीव मिश्रासमाजसेवी ने अपने आर्शीवचन में आयोजन समिति के प्रति हृदय से आभार व्यक्तकरते हुए कहा कि चिंतक विचरक लेखक अमित कुमार गौतम, समय समागम कमेटी केहर एक सदस्य की मेहनत सफल रही, तभी तो शनिवार की शाम से प्रारंभ हुआ।

---

**चर्चा**

विन्ध्य के उद्योगपतियों को निर्यात के लिए मिलेगी कंटेनर की सुविधा

# उद्योगों के विकास की सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा - मुख्यमंत्री

**विजय मत, सीधी।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचकर रीवा एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह में शिरकत की। एयरपोर्ट परिसर में ही मुख्यमंत्री ने 23 अक्टूबर को आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के संबंध में संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विन्ध्य में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इन्हें गति देने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। उद्योगों के विकास की सभी बाधाएं दूर की जाएंगी। सभी उद्योगपति अपनी कठिनाईयों को उद्योग विभाग अवगत कराएं। हर जिले में निवेश संवर्धन केन्द्र खोल दिया गया है। इसके माध्यम से भी सरकार तक अपनी बात पहुंचाएं। उद्योगपतियों की स्थानीय कठिनाईयों को दूर करने की जिम्मेदारी कमिश्नर




और कलेक्टर की है। निर्यात सुविधाओं के मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य के उद्योगपतियों को उत्पादों के निर्यात के लिए कंटेनर की सुविधा मिलेगी। अब रेल के साथ मालवाहक हवाई जहाजों से भी परिवहन होगा। उद्योगपति केवल अपने लिए उद्योग नहीं चलाते हैं। आपके उद्योग से प्रदेश और देश का विकास होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हर माह संभागीय मुख्यालयों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। जब कुँआ खुद प्यासे के पास जा रहा है तब उद्योगों को भला कौन सी कठिनाई होगी। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धान की मिलिंग के संबंध में जो कठिनाईयाँ हैं उन्हें दूर करने के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मिलिंग नीति में राइस मिलर्स के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उद्योगों के वर्ष 2022-23 के अनुदान की राशि जारी कर दी गई है। अब अनुदान की राशि सीधे उद्योगपति के खाते में जारी की जाएगी। विन्ध्य क्षेत्र के विकास की हर बाधा दूर की जाएगी। मैं रीवा का दामाद हूं। रीवा के विकास में कोई कोर कसर नहीं रखूंगा। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित रीवा तथा मऊगंज के उद्योगपतियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगरौली, सीधी, मैहर तथा सतना के उद्योगपतियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों पर दोहरा कराधान नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 23 अक्टूबर को रीवा में पूरे विन्ध्य के औद्योगिक विकास के लिए विचार मंथन होगा। इसमें शामिल होने के लिए 50 बड़े उद्योगपतियों के साथ तीन हजार से अधिक उद्योगपतियों ने पंजीयन किया है। इसी दिन औद्योगिक केन्द्र चोरहटा में विद्युत सब स्टेशन के निर्माण तथा रीवा में आईटी पार्क के निर्माण का भूमिपूजन होगा। विन्ध्य में कई बड़े उद्योगों की स्थापना के प्रस्ताव रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मिलेंगे।

बैठक में उद्योगपतियों ने औद्योगिक विकास के अनुसार जिलों के श्रेणीकरण, रीवा को विशेष औद्योगिक जोन का दर्जा देने, धान मिलिंग तथा बारदाने की राशि के भुगतान, छोटे शहरों के औद्योगीकरण को प्राथमिकता देने, सिंगरौली में उद्योगों के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सहित विभिन्न सुझाव दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह ने रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, सांसद रीवा श्री जनार्दन मिश्र, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवाँ श्री नरेन्द्र प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ नीता कोल, प्रबंध संचालक औद्योगिक विकास निगम चन्द्रमौर्य शुक्ला, कमिश्नर रीवा बीएस जामोद सहित उद्योगपति सम्मिलित हुए।

सीधी एनआईसी केंद्र से कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र श्रीमती श्रद्धा गोखले सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेसर्स देवेंद्र राइस मिल के श्री अजय सिंह चैहान तथा मेसर्स श्याम राइस मिल के श्री रोहित गुप्ता ने मुख्यमंत्री जी से संवाद किया।

तथा आवश्यक सुझाव दिए।

## न्यूज इन शॉर्ट

### निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर को

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम अंतर्गत 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और नाम हटवाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होकर, मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वाएं। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण कार्यक्रम अनुसार दावे आपत्तियों से संबंधित आवेदनों की प्राप्ति कार्य 29 अक्टूबर से शुरू होगा और अंतिम तिथि 28 नवम्बर तक जारी रहेगा। मतदाता सूची के विशेष पुर्नरीक्षण कार्यक्रम तहत चार विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। नवम्बर माह में विशेष शिविरो का आयोजन जारी तिथि अनुसार क्रमशः 9, 10 और 16, 17 को आयोजित होंगे। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा। टोल फ्री मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से संबंधित सभी कार्यो की अधिक से अधिक जानकारी सुगमता से प्राप्त हो सकें। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा टोल फ्री नम्बर 1950 जारी किया गया है जिस पर सभी जिम्मेदार नागरिक मतदाता सूची से संबंधित कार्य हेतु सम्पर्क कर सकते है।

### रोहितनगर, सर्वधर्म-मंदाकिनी कॉलोनी में कल बिजली कटौती, भोपाल के 30 इलाकों में असर

**भोपाल।** भोपाल के 30 से ज्यादा इलाकों में सोमवार को 4 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस का काम करेगी। इस वजह से सप्लाई बाधित रहेगी। जिन इलाकों में सप्लाई नहीं होगी, उनमें रोहित नगर, सर्वधर्म, मंदाकिनी कॉलोनी, जानकी रेसिडेंसी, शालीमार गार्डन समेत कई बड़े रहवासी इलाके भी शामिल हैं।

**इन इलाकों में पड़ेगा असर**-सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक- आकृति इन्क्लेव, रुद्राक्ष पार्क, इंडस गार्डन टाउन, रोहित नगर, आदि परिसर, कमला पार्क, भोईपुरा, गिन्नौरी रोड, हाथीखाना, बैंड मास्टर चौराहा और आसपास सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक- रिवेरा टॉवर, सुरुचि नगर, निवेश नगर और आसपास सुबह 10 से शाम 5 बजे तक- मंदाकिनी कॉलोनी, खादिम चौराहा, गुरुकृपा टॉवर, अल्टीमेट आर्केड, जानकी रेसीडेंसी, फॉरच्यून स्टेट, पैलेस ओर्चेड, सर्वधर्म ए एवं बी सेक्टर, शालीमार गार्डन, शालीमार पार्क और आसपास

### जल्द बदलेगा बीजेपी संगठन का नेतृत्व, शेजवलकर चुनाव अधिकारी नियुक्त, वीडी की जगह प्रदेशाध्यक्ष के आधा दर्जन दावेदार

**भोपाल।** 2 सितंबर से 15 अक्टूबर तक बीजेपी का सदस्यता अभियान दो चरणों में पूरा हो चुका है।15 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं इसके बाद अब संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। संगठन चुनाव के लिए ग्वालियर के पूर्व सांसद विवेक शेजवलकर को प्रदेश चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक जीतू जिराती, विधायक अर्चना चिटनीस, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल और डॉ प्रभुलाल जाटवा को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। ये चुनाव अधिकारी बूथ समितियों से लेकर मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। 31 अक्टूबर को सक्रिय सदस्यता का अभियान पूरा होने के बाद प्रदेश के लगभग 65 हजार बूथों पर बीजेपी की बूथ समितियों का गठन होगा। जिसके बाद बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव होगा। वहीं जिला अध्यक्ष और फिर प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही एक प्रदेश प्रतिनिधि हर जिले से नॉमिनेट किया जाएगा, जो प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा लेगा। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी के संगठन चुनाव के काम में 23 नवंबर को झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद तेजी आएगी। बीजेपी के कई सीनियर लीडर दोनों राज्यों के चुनाव में व्यस्त रहेंगे। ऐसे में संभावना है कि सभी बूथ समितियों का गठन करा लिया जाए। उसके बाद मंडल और जिलों और प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव की शुरुआत हो।

### मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय जिसमें डिजिटल मूल्यांकन,लेट नहीं होगा परीक्षा परिणाम

**भोपाल।** मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है जिसमें परीक्षाओं का डिजिटल मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए प्लान तैयार किया गया है। इससे छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम समय पर आएंगे। मध्य प्रदेश की जबलपुर स्थित मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी अपनी लेट लतीफी के लिए जानी जाती है। यहां छात्रों की ना तो समय पर परीक्षा ली जाती है ना ही समय पर परिणाम दिए जाते हैं। मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी का एकेडमिक कैलेंडर हमेशा पिछड़ा रहता है। पहले तो परीक्षाएं समय पर नहीं होती, यदि परीक्षा समय पर हो भी जाएं तो उनके रिजल्ट समय पर नहीं आ पाते। अब इसके लिए यूनिवर्सिटी ने नया प्लान तैयार किया है। इसके अनुसार यूनिवर्सिटी अब कॉलेजों में डिजिटल वैल्यूएशन सिस्टम डेवलप करेगी।

# 21वीं सदी महिलाओं की सदी है और हम मानते हैं कि 21वीं सदी महिलाओं के लिए एक नए अवसर लाई है: गौर




**विजय मत, भोपाल**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा है कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है और हम मानते हैं कि 21वीं सदी महिलाओं के लिए एक नए अवसर, एक नई ऊर्जा का संचार करने के लिए आई है। राज्य मंत्री गौर रविवार को टी. टी. नगर मॉडल स्कूल के सभागार में भारतीय जैन मिलन संस्था के 19वें राष्ट्रीय मातृशक्ति सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन मातृशक्ति की योग्यता और प्रतिभा को निखारते है।

राज्यमंत्री गौर ने कहा कि भारतीय जैन मिलन परिवार को हृदय से बधाई देती हूँ, जिन्होंने आज करवा चौथ के पावन अवसर पर यह कार्यक्रम किया। उन्होंने मातृ शक्तियों को अखंड सौभाग्य और असीम समर्पण के पावन पर्व करवा चौथ की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पावन पर्व आप सबके जीवन में खुशहाली, सुख समृद्धि व इस बंधन को अटूट बनाने वाला नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व हो। उन्होंने कहा कि आप भारतीय सनातन संस्कृति की परंपरा के अनुसार जन्मो-जन्मो तक पीढ़ियों तक अपने परिवार के लिए सेवा भाव के समर्पण के साथ काम करती रहे, आज समस्त मातृ शक्तियों से कहना चाहूंगी कि, इतने बड़े आयोजन में आप सब की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया है कि 21वीं सदी महिलाओं की सदी है। गौर ने कहा कि समाज में, राष्ट्र में, परिवार में मातृशक्ति के सहयोग और मातृ शक्ति के विश्वास की किसी से तुलना नहीं की जा सकती। नारी के बिना समाज की, राष्ट्र की कल्पना अधूरी है। परिवार, समाज की प्रगति और राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं का जो योगदान होता है, वह अभूतपूर्व योगदान होता है। इसलिए नारी शक्ति सम्मेलन संपूर्ण भी है और महत्वपूर्ण भी है। राज्यमंत्री गौर ने संस्था की ओर से समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार जैन, राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन, मनोज जैन, हेमलता कोठारी, ललित मनिया जैन, अनिल जैन और भारतीय जैन मिलन परिवार के सभी सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश का इतिहास वीरता और साहस का इतिहास: एडमिरल दिनेश त्रिपाठी

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा: मोहन




**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को नवीन तकनीक के नवीनतम हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेशी हथियारों पर भारतीय सेना की निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी लड़ाकू विमान और हथियार निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है। अब हम सिर्फ युद्ध का जवाब ही नहीं देते बल्कि घर में घुसकर मारते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 3 ईएमई सेंटर भोपाल में भूतपूर्व सैनिक सम्मान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की देश भक्ति और समर्पण में वर्तमान सेना की नींव रखी है। जब भी मौका पड़ा आप सभी ने वीरता और शौर्य का परिचय देकर भारतीय लोकतंत्र की रक्षा की है। भारत के साथ और भी देश आजाद हुए थे। लेकिन वर्तमान समय में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र यदि जीवित है तो यह भारतीय सेना के कारण ही संभव हुआ है। सेना ने देश की सीमाओं की रक्षा कर लोकतंत्र को जीवित रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के भूतपूर्व सैनिकों के अविस्मरणीय योगदान के लिए प्रदेश की जनता की ओर से अभिनंदन किया।

***मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी...*** *मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सैनिक कल्याण में सदैव अग्रणी रहा है। यहाँ सेवारत एवं सेवानिवृत्त सैनिकों के लिये विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सफल संचालन हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेना और उनके परिवारों के लिए कल्याणकारी निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि युद्ध एवं सैनिक कार्रवाई में शहीद होने वाले सेना/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के शहीदों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और एक आश्रित को शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति दी जाएगी। सहायता राशि का आधा अंश शहीद की पत्नी को और आधा अंश आश्रित माता-पिता को दिया जाएगा। शहीदों के माता-पिता को दी जाने वाली मासिक अनुदान की राशि बढ़ाकर 10 हजार रूपये और शहीदों की पुत्रियों एवं बहनों के विवाह पर आशीर्वाद राशि भी बढ़ाकर 51 हजार रुपये की गई है। प्रदेश में निवासरत द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों एवं उनकी पत्नियों की पेंशन 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश निवासी ऐसे माता-पिता, जिनकी पुत्री सेना में है, उनकी सम्मान निधि 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष की गई है।*

#### भूतपूर्व सैनिकों को शासकीय नौकरियों में आरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा किप्रदेश में पूर्व सैनिकों के बच्चों को मेडिकल, इंजीनियरिंग, टेक्निकल एजुकेशन, लॉ सहित विभिन्न कोर्सेस में आरक्षण दिया जाता है। सभी सरकारी विभागों के ग्रुप सी एवं डी पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण के साथ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में सहायक ग्रेड-3 स्तर पर कर्मचारियों के पदों में वृद्धि करने कानिर्णय लिया गया है। शासन की योजनाओं के अंतर्गत जमीन के लिए सैनिकों को आरक्षण दिया जाता है।

#### म.प्र. ने देश को अब तक दिए 3 अशोक चक्र, 5 महावीर चक्र और 23 वीर चक्र

भारतीय नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि मध्यप्रदेश का इतिहास वीरता और साहस का रहा है। मध्यप्रदेश ने देश को अब तक 3 अशोक चक्र, 5 महावीर चक्र और 23 वीर चक्र दिए है। पिछले 25 वर्षों में 100 से अधिक सैनिकों ने अपना सर्वस्व भारत मां के चरणों में न्यौछावर कर दिया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धर्मपत्नी के साथ उज्जैन में मनाया करवा चौथ पर्व



**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धर्मपत्नी सीमा यादव के साथ आज उज्जैन स्थित निज निवास पर करवा चौथ का पर्व मनाया। करवा चौथ के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की धर्मपत्नी सीमा यादव ने चंद्रोदय के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा की और पति डॉ. यादव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्नी सीमा को जल ग्रहण करवाकर व्रत खुलवाया। इसके पूर्व यादव दंपति ने विधि-विधान से करवा माता पूजा की। इस अवसर पर करवा माता की कथा भी हुई।

# प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों का बढ़ सकता है महंगाई भत्ता, एक नवंबर को हो सकती हैं घोषणा

**विजय मत, भोपाल**

मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए जल्द ही खुशखबरी आ सकती है। केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत कर दिया गया है, वहीं प्रदेश के कर्मचारियों को फिलहाल 46 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। अब प्रदेश के कर्मचारियों की ओर से इसे बढ़ाने की मांग की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश के स्थापना दिवस (1 नवंबर) पर महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा कर सकते हैं। इस दिशा में वित्त विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

प्रदेश के सात लाख से अधिक नियमित कर्मचारी, साथ ही निगम और मंडलों के कर्मचारी, जुलाई 2023 से 46 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता प्राप्त कर रहे हैं। पांचवें और छठे वेतनमान वाले कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में भी इसी दर से वृद्धि की गई थी।

***58 प्रतिशत की दर से बजट में प्रविधान...*** *प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में महंगाई भत्ते और राहत के लिए 58 प्रतिशत की दर से प्रविधान किया है। वर्तमान में 46 प्रतिशत की दर से भुगतान हो रहा है, जिससे यदि 12 प्रतिशत की वृद्धि भी होती है तो इसके लिए अलग से बजट प्रविधान की आवश्यकता नहीं होगी। अगले बजट वर्ष 2025-26 के लिए यह प्रविधान 64 प्रतिशत के हिसाब से किया जाएगा।*

#### एक नवंबर को हो सकती है घोषणा

प्रदेश के स्थापना दिवस (1 नवंबर) के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, इसका लाभ जनवरी 2024 से दिया जाएगा या अक्टूबर से, यह फैसला होना बाकी है। वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी एरियर तीन किस्तों में दिया जा सकता है। पेंशनरों को लेकर स्थिति अभी भी अस्पष्ट है। पिछली बार का एरियर देने पर अब तक कोई निर्णय नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि पेंशनरों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाकर 50 प्रतिशत की दर से दिया जाएगा।

### बुधनी उपचुनाव में जुटेंगे कार्तिकेय सिंह, बोले-

# मैंने कभी भी टिकट के लिए काम नहीं किया

**विजय मत, ब्यूरो, सीहोर**

शिवराज सिंह चौहान के सांसद बन जाने के बाद खाली हुई बुधनी विधानसभा में उपचुनाव हो रहे हैं। चर्चा थी कि शिवराज के बेटे कार्तिकेय को टिकट मिल सकता है। हालांकि पार्टी ने शिवराज के करीबी पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को मैदान में उतार दिया है।

मध्य प्रदेश की बुधनी विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा ने अपने प्रत्याशी के तौर पर रमाकांत भार्गव का नाम घोषित किया है। शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान का नाम भी चर्चा में था। कार्तिकेय का कहना है कि मैंने कभी भी टिकट के लिए काम नहीं किया। मैं पार्टी के लिए काम करता हूं।




बता दें कि शिवराज सिंह चौहान के सांसद बन जाने के बाद खाली हुई बुधनी विधानसभा में उपचुनाव हो रहे हैं। चर्चा थी कि शिवराज के बेटे कार्तिकेय को टिकट मिल सकता है। हालांकि पार्टी ने शिवराज के करीबी पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को मैदान में उतार दिया है। इधर कार्तिकेय सिंह चौहान का बयान सामने आया है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले, मैं कहना चाहता हूं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है, और दुनिया देख रही है। पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार है। जब रमाकांत भार्गव को टिकट दिया जा रहा है, तो यह ट्रिपल इंजन बन जाता है। वह एक वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। ऐसे कई नेता हैं जो अधिक योग्य हैं, वे भी इससे खुश होंगे टिकट पाने के इरादे से काम किया।

**खास-खबर** सड़क और पुल निर्माण में नई तकनीकों के उपयोग पर दो दिवसीय सेमिनार सम्पन्न

# ईपीसी अनुबंधों और आधुनिक निर्माण तकनीकों पर विशेषज्ञों ने किया गहन मंथन

**विजय मत, भोपाल**

सड़क निर्माण में चुनौतियों, नई तकनीकों और ईपीसी अनुबंधों के प्रभाव को बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से आयोजित सड़क और पुल निर्माण पर दो दिवसीय सेमिनार रविवार को सम्पन्न हुआ। समापन पूर्व द्वितीय दिवस विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें नई निर्माण तकनीकों और इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) अनुबंधों पर गहन चर्चा की गई।

सत्र की शुरुआत भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के महासचिव एस.के. निर्मल के वक्तव्य से हुई। इसमें उन्होंने ईपीसी अनुबंधों का विस्तृत परिचय दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ईपीसी अनुबंध सड़क निर्माण क्षेत्र में अनुशासन और समयसीमा को सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई),



भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. सिंह ने ईपीसी अनुबंधों में ग्राहक की भूमिका और शेड्यूल की तैयारी पर चर्चा की। बताया गया कि कैसे अनुबंधों में समयसीमा का पालन किया जाना आवश्यक है और इसके लिए पूर्व नियोजन महत्वपूर्ण होता है।

दोपहर के सत्र में, ईपीसी अनुबंधों में अप्रूविंग इंजीनियर (एई) की भूमिका पर चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता आईआरसी के पूर्व अध्यक्ष और हरियाणा पीडब्ल्यूडी के पूर्व इंजीनियर-इन-चीफ डॉ. महेश कुमार ने की। उनके साथ, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के पूर्व महानिदेशक आई.के. पांडे ने भी इस सत्र में भाग लिया। पांडे ने ईपीसी अनुबंधों में उत्पन्न होने वाले विवादों और चुनौतियों पर विचार साझा किए। सत्र में ठेकेदारों के दृष्टिकोण से भी अनुबंधों में आने वाली समस्याओं और उनके अनुभवों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर निर्माण क्षेत्र में नई तकनीकों पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। इस चर्चा में आईआरसी के महासचिव एस.के. निर्मल, मध्य प्रदेश पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर-इन-चीफ आर.के. मेहरा, एनएचएआई, भोपाल के क्षेत्रीय अधिकारी एस.के. सिंह, आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसर एम.ए. रेड्डी और सीएसआईआर-सीआरआरआई, नई दिल्ली के डॉ. अभिषेक मित्तल जैसे विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया।

पैनल ने निर्माण में नई तकनीकों के विकास, उनकी संभावनाओं और उनसे जुड़े चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। पैनल ने विशेष रूप से यह चर्चा की कि किस प्रकार इन तकनीकों का उपयोग करके निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति को बेहतर किया जा सकता है। सत्रों के बाद प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों ने सड़क निर्माण की प्रक्रिया में आने वाली विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

# खिलाड़ी मेहनत से खेले और अपना, अपनी संस्था एवं अपने देश का नाम रोशन करें: किशन सूर्यवंशी

### निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अखिल भारतीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के समापन अवसर पर किए पुरस्कार वितरित

**विजय मत, भोपाल**

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि खिलाड़ी खूब मेहनत से खेले और अपना, अपनी संस्था एवं अपने देश का नाम रोशन करें। श्री सूर्यवंशी ने यह विचार अखिल भारतीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में चन्द्र किशोर श्रीवास्तव, वीरेन्द्र सेंगर, दीपक गौर, कल्याण सिंह सहित बड़ी संख्या में देश भर से आए बाक्सर व खेल प्रशंसक मौजूद थे।

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविवार को कोटरा स्थित सरस्वती



विद्या मंदिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार भी वितरित किए। श्री सूर्यवंशी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु निरंतर सहयोग किया जा रहा है जिसके कारण खेल क्षेत्र में परिवर्तन आया है और विभिन्न विधाओं में हमारे खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है वहीं हमारे मुखिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी स्वयं खिलाड़ियों से भेंट कर उनका मनोबल भी बढ़ा रहे है। सूर्यवंशी ने कहा कि मुझे हर्ष है कि इस बाक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 62 गोल्ड मेडल सहित बड़ी संख्या में अन्य पदक जीते है। निश्चित ही यह खिलाड़ी अपने देश का नाम रोशन करेंगे। सूर्यवंशी ने कहा कि विद्या भारती द्वारा न सिर्फ अपनी संस्थानों में संस्कारित शिक्षा दी जा रही है बल्कि विभिन्न खेलों के अच्छे खिलाड़ी तथा सशक्त नागरिक भी तैयार करने का कार्य किया जा रहा है।



# जोकोविच और सिनेर जीते

**रियाद, एजेंसी**

रियाद में आयोजित सिक्स किंग्स स्लैम नुमाइशी टेनिस चैम्पियनशिप में इटली के यानिक सिनेर ने कार्लोस अल्काराज को 6-7, 6-3, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में नोवाक जोकोविच ने तीसरे स्थान के मैच में राफेल नडाल को 6-2, 7-6 से मात दी। राफेल नडाल, जो 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता हैं, इस चैम्पियनशिप में अपने करियर का अंतिम मैच खेल रहे थे। नडाल अगले महीने डेविस कप में स्पेन के लिए अपना आखिरी मैच खेलकर टेनिस से संन्यास लेंगे। अल्काराज ने इस टूर्नामेंट के पिछले दौर में नडाल, सिनेर और जोकोविच को हराकर शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन फाइनल में सिनेर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। यह नुमाइशी टूर्नामेंट होने के कारण इसमें पुरस्कार राशि तो दी जाती है, लेकिन एटीपी अंक नहीं मिलते।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की शर्मनाक हार, सीरीज में 1-0 से पिछड़े

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। पांचवें दिन, न्यूजीलैंड ने 107 रन के लक्ष्य को दो विकेट गवांते हुए आसानी से हासिल कर लिया और भारत को 1-0 से पीछे कर दिया। इस जीत ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त दिलाई है।

मैच के पहले दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो सका। दूसरे दिन, भारतीय टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन उनकी शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और पूरी टीम केवल 46 रन पर ऑल आउट हो गई। इस पारी में ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाज बिना खाता खोले ही




पवेलियन लौट गए। यह भारत के लिए एक निराशाजनक प्रदर्शन था, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई।

भारत के कमजोर प्रदर्शन के बाद, न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। डेवोन कॉन्वे ने 91 रनों की शानदार पारी खेली। तीसरे दिन, रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने पारी की शुरुआत की। रवींद्र ने 157 गेंदों पर 134 रन बनाकर मैच को पूरी तरह से न्यूजीलैंड की ओर मोड़ दिया। इसके अलावा, टिम साउदी ने भी 65 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस प्रकार, न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में कुल 402 रन बनाए।

भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत दी, जहां रोहित ने 52 और यशस्वी ने 35 रन बनाएं। विराट कोहली ने भी अर्धशतक बनाया और टीम का स्कोर 231 तक पहुंचाया।

## हम वापसी करना जानते हैं : रोहित शर्मा



**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को विश्वास है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में आठ विकेट से हारने के बावजूद उनकी टीम वापसी करेगी, जैसे इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ लगातार चार मैच जीतकर की थी। भारतीय टीम पहली पारी में घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने कुछ हद तक वापसी की। हालांकि, न्यूजीलैंड ने अंततः उन्हें 8 विकेट से हरा दिया। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में रोहित ने कहा, ऐसे मैच होते रहते हैं। हमें इसे पीछे छोड़कर आगे बढ़ना होगा। हमने इंग्लैंड के खिलाफ भी एक मैच हारने के बाद लगातार चार मैच जीते थे, इसलिए हमें पता है कि हर खिलाड़ी को क्या करना है। उन्होंने स्वीकार किया कि हालात को समझने में उनसे गलती हुई, लेकिन यह भी कहा कि उन्होंने यह कल्पना नहीं की थी कि भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 46 रन पर आउट हो जाएगी।

रोहित ने कहा, मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हमें शुरुआत में मुश्किलें हो सकती हैं, लेकिन हमने यह नहीं सोचा था कि टीम 46 रन पर सिमट जाएगी। न्यूजीलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी की और हम विफल रहे। उन्होंने दूसरी पारी में भारतीय टीम की वापसी की सराहना की और कहा, जब आप 350 रन से पीछे हों तो ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन कुछ अच्छी साझेदारियां बनीं। हम सस्ते में आउट हो सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरफराज और ऋषभ ने शानदार बल्लेबाजी की। सरफराज ने बहुत ही परिपक्व पारी खेली।

## मैं बचपन से ही सपना देख रहा था इस शतक का : सरफराज खान



**बेंगलुरु।** खेले जा रहे न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़कर न केवल भारतीय टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकालने की कोशिश किया हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि वह महज स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं हैं। शुभमन गिल की चोट के कारण अंतिम एकादश में शामिल हुए सरफराज ने शानदार 150 रन बनाए और ऋषभ पंत (99) के साथ मिलकर 177 रनों की अहम साझेदारी की। उनकी इस पारी ने भारत को पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने के बावजूद मैच में बनाए रखा और न्यूजीलैंड के सामने 107 रन का लक्ष्य रखा। सरफराज खान के लिए यह शतक खास था क्योंकि यह उनके बचपन का सपना था। उनके पिता नौशाद का भी सपना था कि उनका बेटा टेस्ट क्रिकेट में बड़ा स्कोर बनाए।

## रुतुराज गायकवाड़ कर सकते हैं भारत ए की कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

महीने के अंत में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी कर सकते हैं। सभी की निगाहें भारत ए के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर होंगी जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन शामिल हो सकते है।बात दें कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेल पाएंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश है।

ईश्वरन दोनों मैचों के दौरान चर्चा का विषय रहने वाले है। उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म के



दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का ऑडिशन माना जा सकता है।

देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते हैं। युवा बाएं हाथ के खिलाड़ी को श्रेयस अय्यर के साथ सूची से हटा दिया गया था, क्योंकि इसकी की चिंता थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता दी है।

अभिषेक पोरेल के साथ वह भारत ए की टीम को विकेटकीपिंग का विकल्प दे सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी, तनुश कोटियन और मानव सुथार के ऑलराउंडर के रूप में खेलने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजी इकाई में मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल के शामिल होने की उम्मीद है।

## शतक जड़कर श्रेयस अय्यर ने दिखाई दम, टीम में वापसी की जताई इच्छा



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद रणजी ट्रॉफी के मैच में शानदार शतक बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की अपनी प्रबल इच्छा जताई है। महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में अय्यर ने शानदार शतक जड़ा, जो उनके लिए एक भावनात्मक पल था। पीठ की सर्जरी के बाद श्रेयस ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से जगह बनाने के लिए तैयार हैं। श्रेयस अय्यर को पिछले कुछ समय पहले बार-बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी।

## पीसीबी चाहता है भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में ही खेले, प्रस्ताव दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**




पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए भारत को पाकिस्तान बुलाने के लिए हर कोशिश कर रहा है। पीसीबी ने इसके संबंध में बीसीसीआई के सामने एक प्रस्ताव रखा है। पीसीबी ने कहा है कि भारतीय टीम चाहे तो अपना मैच खेलकर उसी दिन वापस इंडिया लौट सकती है। इससे चलता है कि पीसीबी हर हाल में भारत को पाकिस्तान में खेलने के लिए बुलाना चाहता है, क्योंकि उसे भी पता है कि अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आती है तो इससे उसे फायदा ही होगा।

पीसीबी ने बीसीसीआई को एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव दिया है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों चलते अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह अपने मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं भी मैच खेल कर वापस लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नई दिल्ली, चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है।

# बिजनेस

## बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते सप्ताह खरीफ तिलहन फसलों की आवक बढ़ने के दौरान देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहनों के भाव में गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेल-तिलहन कारोबार के समीक्षकों की यह आशंका निर्मूल साबित हुई है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बाद खाद्य तेलों की महंगाई बढ़ जायेगी। इसके विपरीत आयात शुल्क बढ़ाये जाने के बाद मूंगफली जैसे महंगे खाद्य तेल के थोक दाम भी गुजरात और राजस्थान में टूटे हैं। गुजरात में शुल्क वृद्धि से पहले मूंगफली तेल का थोक भाव 148 रुपये लीटर बैठता था जो शुल्क वृद्धि के बाद घटकर 135 रुपये लीटर रह गया है। इसी प्रकार राजस्थान में जिस मूंगफली तेल का थोक दाम पहले 130 रुपये लीटर था वह अब घटकर 118 रुपये लीटर रह गया है। आवक बढ़ने और महंगा होने के कारण लिवाली कमजोर होने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट रही। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 6,400-



6,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 875 रुपये की जोरदार गिरावट के साथ 13,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 65-65 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,115-2,215 रुपये और 2,115-2,230 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव 75-75 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,650-4,695 रुपये और 4,350-4,585 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी प्रकार सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 250 रुपये, 150 रुपये और 100 रुपये घटकर क्रमशः 13,100 रुपये, 12,650 रुपये और 9,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुए। आवक बढ़ने के बीच महंगे मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले हानि का रुख रहा।

## स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाएगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की हाल ही में बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर




जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। फिलहाल पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इस समय टर्म पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लग रही है।

## खुदरा विक्रेताओं को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की गई




**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार ने शहरी खुदरा विक्रेताओं को सस्ती घरेलू प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 20 प्रतिशत तक कटौती की है। सूत्रों से ?मिली जानकारी के मुता?बिक ऐसे में यदि ईंधन पर उत्पाद शुल्क की कटौती नहीं होती है, तो वाहनों को आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी के भाव चार से छह रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ सकते हैं। भारत में अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक के स्थलों से जमीन के नीचे और समुद्र तल के नीचे से निकाली गई प्राकृतिक गैस ऐसा कच्चा माल है जिसे वाहनों के लिए सीएनजी और रसोई में इस्तेमाल होने वाली पाइप वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) में बदला जाता है। सूत्रों ने कहा कि पुराने क्षेत्रों से उत्पादन की कीमतें सरकार द्वारा नियंत्रित की जाती हैं। इनका उपयोग शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को किया जाता है। इन क्षेत्रों से उत्पादन सालाना पांच प्रतिशत तक घट रहा है। इस वजह से शहरी गैस वितरण कंपनियों को आपूर्ति में कटौती की गई है। घरों में रसोई के लिए आपूर्ति की जाने वाली गैस संरक्षित है।

## कंपनियों के नतीजों, वैश्विक रुझान से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

### इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों की दिशा कंपनियों के तिमाही नतीजों, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक ने कहा कि कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजों पर सभी की नजर रहेगी। इसके अलावा इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की वजह से भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की आशंका है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है तथा बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अभी तक



भारतीय बाजार के प्रदर्शन में प्रमुख भूमिका निभाते रहे हैं। उनका रुख वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। एचडीएफसी बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,825.91 करोड़ रुपये रहा है। एकल आधार पर निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक का लाभ सितंबर तिमाही में बढ़कर 16,820.97 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 15,976.11 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि किसी भी प्रमुख संकेतक के अभाव में बाजार भागीदारों की निगाह कंपनियों के तिमाही नतीजों पर रहेगी। सबसे पहले वे एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक जैसे बड़े बैंकों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल) और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी कंपनियां भी अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इसके अलावा सप्ताह के दौरान बजाज हाउसिंग फाइनेंस, अदाणी ग्रीन एनर्जी, बजाज फाइनेंस, वन97 कम्युनिकेशंस, जोमैटो, बजाज फिनसर्व और बैंक ऑफ बड़ौदा के भी तिमाही नतीजे आएंगे। कोटक महिंद्रा बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़ा है।

## देश में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान

### आधे यूजर्स 5जी स्मार्टफोन का कर रहे होंगे इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में साल 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है। इन कनेक्शन धारियों में से आधे यूजर्स 5जी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे होंगे। भारत में 2030 तक स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने जा रही है।

वैश्विक मोबाइल नेटवर्क बॉडी जीएसएमए के अनुसार, देश में 2030 तक 64.1 करोड़ से अधिक 5जी सब्सक्राइबर्स होने का अनुमान है, जिनकी संख्या 49 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। जीएसएमए इंटेलिजेंस के अनुमानों के अनुसार, भारत में अगले छह वर्षों में 5जी मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी और डेटा का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ेगा 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या में इस जबरदस्त उछाल से डेटा खपत में भी भारी वृद्धि होगी, जिससे भारतीय दूरसंचार कम्पनियां बड़े निवेश करने के लिए प्रेरित होंगी। भारत में प्रति ग्राहक डेटा खपत 2023 -2029 के बीच 15 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़कर 68 जीबी प्रति माह तक पहुंचने की संभावना है।



एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, भारत और इंडोनेशिया आर्थिक लचीलेपन, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटलीकरण का लाभ उठाने की बेहतर स्थिति में हैं। संगठन ने कहा, नवीनतम जीएसएमए मोबाइल इकोनॉमी एशिया पैसिफिक 2024 रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है, जबकि इंडोनेशिया के 2030 तक 38.7 करोड़ कनेक्शन तक पहुंचने की उम्मीद है।

इसके अलावा, मोबाइल टेक्नोलॉजी और सेवाओं से 2023 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद का 5.3 प्रतिशत उत्पन्न हुआ, जिससे आर्थिक मूल्य में 88,000 करोड़ डॉलर का योगदान मिला। इससे पूरे क्षेत्र में लगभग 1.3 करोड़ नौकरियों के अवसर पैदा हुए।

## न्यूज इन शॉर्ट



### राज्य सेवा मुख्य परीक्षा हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

शहडोल। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन हेतु नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक कृष्णमोहन गौतम ने जिला मुख्यालय के शासकीय इंदिरा गांधी कालेज पाण्डवनगर में बनाए गए परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यवेक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र में समुचित पेयजल व्यवस्था, परीक्षार्थियों की चेकिंग करे जिससे कोई भी प्रतिबंधित उपकरण जैसे कैलकुलेटर, घड़ी, मोबाइल, आदि परीक्षा हाल में न ला सके। इसी प्रकार संभागीय पर्यवेक्षक ने अधिकारियों से परीक्षा के आयोजन की तैयारियों के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी ली। गौरतलब है कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर कुल 6 दिवस तक परंपरागत (आफलाईन) पद्धति से जिला मुख्यालय के शासकीय इंदिरा गांधी कालेज पाण्डवनगर में आयोजित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान परीक्षा प्रभारी श्रीमती अंतोनिया एक्का वानखेड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बाजार में सब्जी के दामों ने बिगाड़ा लोगों के घरों का बजट टमाटर पहुंचा 80 रुपए किलो के पार

शहडोल/धनपुरी।एक बार फिर बढ़ती महंगाई ने आम जनता के घरों का बजट बिगाड़ दिया है जिस तरह से आज सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं इस महंगाई की मार को बाजार में साफ तौर पर देखा जा सकता है बढ़ती महंगाई के सबसे अधिक गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवार परेशान है बाजार में सब्जी के जो भाव हैं उसे सुनकर ही हर कोई आश्चर्य में पड़ जाता है जिस तरह से आज टमाटर ?70 किलो के पार बिका उसे लेकर अब लोगों में भी आक्रोश साफ तौर पर देखा जा सकता है बढ़ती महंगाई से हर कोई परेशान है और एक ही मांग कर रहा है की सरकार बढ़ती महंगाई पर रोक लगाए बाजार में देखा जा रहा था कि जिस तरह से सब्जी के दाम थे बाजार में आए लोग इस महंगाई पर थोड़ा-थोड़ा ही सब्जी लेते हुए नजर आ रहे थे और सभी के चेहरे पर महंगाई की चिंता साफ तौर पर देखी जा रही थी।वैसे तो आज सब्जी के दाम ही नहीं खाने पीने की अन्य वस्तुएं के दाम भी आसमान छू रही है अरहर दाल डेढ़ सौ रुपए किलो के करीब बिक रही है इतना ही नहीं जिस तरह से लगातार महंगाई बढ़ रही है बढ़ती महंगाई से सभी की परेशानी साफ तौर पर देखी जा सकती है महंगाई पर नियंत्रण लगे इसे लेकर सरकार की ओर से भी कोई प्रयास किया जा रहा हो यह भी देखने को नहीं मिल रहा है और यही कारण है कि अब आम जनता भी महंगाई के खिलाफ खुलकर बोलने से पीछे नहीं हट रही है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह से आज सब्जियों और खाने-पीने के दाम आसमान छू रहे हैं इस पर आखिर भाजपा जवाब क्यों नहीं देती टमाटर ?70 किलो बाजार में बिक रहा है आम जनता की परेशानी साफ तौर पर देखी जा रही है महंगाई पर नियंत्रण लगे इस मामले में सरकार हर मोर्चे पर विफल ही नजर आती है।मंडलम कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद साबिर का कहना है कि पेट्रोल के दाम 2014 से पहले क्या थे और आज क्या है इसे देश की जनता देख रही है खाने पीने की वस्तुओं के दाम दिन प्रतिदिन आसमान छू रही है टमाटर के दाम 70 रुपए किलो के पार पहुंच गया है इतना ही नहीं घर बनाना महंगा हो गया यात्रा करना महंगी हो गई देश के अंदर 10 वर्षों में महंगाई जिस स्तर पर बढ़ी है उसे जनता देख रही है तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनी है लेकिन महंगाई पर नियंत्रण को लेकर सरकार क्या करती है इसे भी जनता देख रही है।

# जैतपुर और गोहपारू में बाघ का आतंक

## 24 घंटों के भीतर बाघ के हमले से एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**विजय मत, शहडोल।**

जैतपुर और गोहपारू वन परिक्षेत्र में बीते 24 घंटों के भीतर बाघ के हमले से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पहली घटना में शनिवार को जंगल में मवेशी चरा रही महिला पर बाघ ने हमला किया, जबकि दूसरी घटना में खेत से घर लौट रहे युवक को बाघ ने घायल कर दिया।

जैतपुर और गोहपारू वन परिक्षेत्र से लगे हुए जंगल में बाघ ने 24 घंटों में तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया है।रविवार की तड़के ही शौच के लिए जंगल गए वृद्ध पर बाघ ने हमला बोल दिया,जिससे वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई है।उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल शहडोल भेजा गया।इसी तरह शनिवार की शाम जंगल में मवेशी चरा रही एक महिला पर बाघ ने हमला कर उसे भी घायल कर दिया था।

तीसरी घटना भागा गांव में हुई है।यहां खेत से घर आते वक्त एक युवक पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया।लोगों ने बताया कि शनिवार की शाम जब महिला पर बाघ ने हमला किया तो मामले की जानकारी गोहपारू वन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों के द्वारा दी गई थी,लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने इस ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया।

दूसरी ओर तीसरी घटना हो गई है। अगर समय पर बाघ पर निगरानी बन गई होती और गांव में मुनादी करवाई गई होती तो शायद नई घटना नहीं हो पाती।



### कई दिनों से दो बाघों का मूमेंट

गोहपारू वन परिक्षेत्र में दो बाघों का मूमेंट पिछले कई दिनों से बना हुआ है।वन परिक्षेत्रा अधिकारी के अनुसार पहली घटना लफदा बीट में हुई है। यहां एक महिला मवेशी चरा रही थी, तभी बाघ ने उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और मामले की जानकारी वन विभाग को दी। जानकारी लगने के बाद वन विभाग के अधिकारी अस्पताल पहुंचे थे, जहां महिला का उपचार चल रह था। महिला को मामूली चोटे आई हैं। बताया गया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है।

### खेत से लौट रहे युवक पर हमला

दूसरी घटना में खेत से घर लौट रहे युवक पर बाघ ने हमला कर उसे घायल किया है। यह घटना भी गोहपारू वन परिक्षेत्र के भागा के जंगल में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहली घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने मुनादी कराने में काफी देरी की, जिसकी वजह से दूसरी घटना हुई है।जैतपुर वन परिक्षेत्र के महरौड़ी जंगल में शौच के लिए गए अधेड़ पर बाघ ने हमला कर उसे घायल कर दिया है। बताया गया कि धरम सिंह सुबह सुबह घर से जंगल शौच के लिए गए थे। तभी रास्ते में उनका सामना बाघ से हो गया। वो कुछ समझ पाता तब तक बाघ ने उस पर हमला बोल दिया। धरमसिंह ने चीखना चिल्लाना शुरू किया तब जा कर आसपास मौजूद लोग वहां दौड़े। तब तक बाघ वहां से निकल गया था। स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को अस्पताल पहुंचवाया गया है। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।जैतपुर रेंजर राहुल सिकरवार को मामले की जानकारी जब लगी तो वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दूसरी टीम को घायल से मुलाकात करने के लिए भेजा।रेंजर ने बताया कि जंगल में बाघ का मूवमेंट बना हुआ है। आसपास के गांव में मुनादी करवाई जा रही है।लोगों से अपील है कि शाम होते ही जंगल की ओर न जाए, क्योंकि जंगल में जंगली जानवरों का मूमेंट बना हुआ है।जिसमें बाघ,भालू तेंदुए की लोकेशन जंगल में वन विभाग की टीम को मिली है।रेंजर का कहना है कि लोगों के साथ बैठक कर उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि तड़के और शाम जंगल ना जाए।वन विभाग की टीम लगातार जानवरों के मूमेंट पर नजर रखे हुए हैं।और लोगों को जंगल की ओर जाने से रोका जा रहा है।

# मेडिकल स्टोर संचालक नहीं देते पक्के बिल


## न डिग्री न लाइसेंस कहीं आप भी ऐसी दुकान से तो नहीं खरीद रहे दवा, अधिकारियों को सुध नहीं

**विजय मत, शहडोल।**

दवा से जरूरी कुछ नहीं होता। इसकी उपयोगिता एक जरूरतमंद से बेहतर भला और कौन समझ सकता है। जिले में अधिकांश खुदरा दवा विक्रेता अपने ग्राहकों को रसीद तक नहीं देते सादे पर्ची में टोटल लिखकर रसीद के रूप में दे देते हैं और सच बात यह भी है कि ग्राहक खुद रसीद के चक्कर में नहीं पड़ता। उसने दवा की पर्ची दी, दुकानदार ने दवा दी और सादे कागज पर टोटल करके अमाउंट बताकर रुपये लेकर दूसरें ग्राहक की पर्ची पर ध्यान केन्द्रित कर देता है। हकीकत यह भी कि कोई ग्राहक दुकान वाले से न तो उसकी डिग्री पूछता है न ही लायसेंस की जानकारी लेता है। दरअसल जिन अधिकारियों को सरकार ने जांच पड़ताल करने की पगार देती है वो भी नजराने की कीमत पर अनदेखी कर देते हैं। यही वजह है कि अधिकांश दवा दुकानें बेतरतीब होती जा रही है। ऐसा लगता है जैसे इनके ऊपर किसी तरह का नियम लागू नहीं होता।

### पापा के लायसेंस पर बेटा चला रहा दुकान

हालात ये हैं कि पापा के लायसेंस पर बेटा दुकान चला रहा। इनकी दुकानों पर फार्मासिस्ट तक नहीं होता। इसकी जांच पड़?ताल करने की बजाये जिम्मेदार अधिकारी एक मुश्त नजराने की दम पर चुप्पी साध लेते शहर में नशे की दवाओं का कारोबार बढ़ने की पीछे भी एक बड़ा कारण बताया जा रहा है। जो लोग बिना लायसेंस और फार्मासिस्ट के दुकान चला रहे वो किसी भी नियम कायदा का पालन नहीं करते। विगत माह पुलिस ने कई दुकानों से नशीली दवाओं की बिक्री होते भी पकड़ जा चुका है। इसके बावजूद अधिकारी सुध नहीं ले रहे हैं। शहर में नशीली दवाओं का कारोबार बढ़ रहा है।



### दवा वहीं बेचते हैं जिसमें ज्यादा मिले कमीशन

ब्राण्डेड और जेनरिक दवा लगभग हर दवा दुकानों में उपलब्ध रहती है। ब्राण्डेड दवा महंगी होती है, जबकि जेनरिक दवा की कीमत उसके मुकाबले कम होती है मगर यह बाण्डेड दवा की तरह ही असरकारक होती है।

अगर कोई मरीज दुकान में जेनरिक दवा लेने जाते हैं तो उसे अधिक कीमत वाली ब्राण्डेड दवा थमा दी जाती है।

मरीज को भी इस बात का पता नहीं होता और 80 से 90 प्रतिशत सस्ती दवा प्रिंट रेट पर खरीद लेता है। जिम्मेदार अधिकारी भी दवा के नाम पर हो रही लूट पर स्वामोशी से तमाशा देख रहे हैं।

**यह हैं नियमः-**

मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की उपलब्धता अनिवार्य है।
यदि फार्मासिस्ट स्टोर से कुछ समय के लिए उतरता है तो उक्त वक्त के लिए दवाओं का क्रय विक्रय बंद रखना अनिवार्य है।
फार्मासिस्ट का लायसेंस और ड्रग विभाग में पंजीयन दोंनो ही मेडिकल स्टोर पर चस्पा होना जरूरी है।
मेडिकल स्टोर के बोर्ड पर फार्मासिस्ट का नाम और पंजीयन लिखा होना जरूरी है।
मेडिकल स्टोर पर फ्रिज का होना आवश्यक है। 2 से 8 डिग्री के बीच में रखी जाने वाली दवाएं फ्रिज में रखना अनिवार्य है।
बिना पर्चे के दवा नहीं दी जा सकती।
टीबी आदि रोग की दवा देने पर मरीज की पूरी डिटेल रखना अनिवार्य है। नींद आदि की दवा बिना डाक्टर के परामर्श और पर्चे के दवा नहीं उपलब्ध करा सकते। इसकी पूरी जानकारी दर्ज करना जरूरी है।

### ग्राहक भी उदासीन, जो नहीं मांगते पक्के बिल

बता दें कि दवाओं को लेकर यह खेल काफी समय से चल रहा है। कोई अगर बहुत पीछे पड़ जाए तब ही वह असली बिल प्राप्त कर सकता है। दरअसल, दुकानदार असली बिल देने से और बचते हैं क्योंकि वे रेट को लेकर पकड़ में आ जाएंगे। शहडोल नगर में 200 से अधिक छोटे-बड़े मेडिकल स्टोर संचालित हैं। नियम यह है कि सभी मेडिकल स्टोरों पर बिल के लिए कंप्यूटर की व्यवस्था होनी चाहिए और कितनी दवा बिकी इसकी एंट्री भी दर्ज होनी चाहिए, लेकिन अधिकांश दुकानों पर कंप्यूटर की व्यवस्था नहीं है। ग्राहकों को सिर्फ सादा पर्चे पर दवा के रेट लिखकर दे दिए जाते हैं। ग्राहक भी उदासीनता बरतते हैं जो पक्के बिल नहीं मांगते हैं।

### प्रतिबंधित दवाओं की होती है बिक्री

नगर में अवैध रूप से संचालित इन दुकानों पर प्रतिबंधित (नशीली) दवाओं की बिक्री का खेल भी खूब चलता है। मेडिकल संचालक चिकित्सक के परामर्श पर मिलने वाली दवाएं भी लोगों को बेरोक टोक बेचते हैं। मेडिकल् स्टोर संचालक खुद ही चिकित्सक बनकर लोगों को महंगी दवा देकर उन्हें बेवकूफ बनाने से भी नहीं चकूते। ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा समय समय पर ? चेकिग नहीं की जाती है। समय-समय पर चेकिंग किया जाए तो मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवा मिलती है ।

### ड्रग इंस्पेक्टर जांच करने नहीं पहुंचते

शहर के 80 फीसद मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट का नाम नहीं है। हालात यह हैं कि अधिकांश स्टोर पर फार्मासिस्ट ही उपलब्ध नहीं है और यह लोग पंजीयन नंबर भी दुकान पर सामने प्रदर्शित नहीं करते। कई दवा स्टोर पर फ्रिज तक उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में यह दवाएं बिना फ्रिज के खुली दुकान में रखते हैं। जबकि रैवीज व एंटीवायटिक व एंजेक्टेवल दवाएं फ्रिज में रखना अनिवार्य होता है। हालात यह है कि ड्रग इंस्पेक्टर शहर में संचालित मेडिकल स्टोर पर एक बार भी जांच करने नहीं पहुंचे। असल में ड्रग इंस्पेक्टर दवा के थोक बाजार के अलावा कहीं पर जांच करने की जहमत नहीं उठाते। बिक्रेता नियमों का पालन करते भी है या नहीं इससे खुद ड्रग विभाग अंजान है।



### 52 चालानों में 21,900/- रूपये समंस शुल्क वसूले

शहडोल। बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 52 चालानों में 21,900/- रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### अवैध शराब जब्त

शहडोल। अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने स्थानीय बुढार में दबिश देकर आरोपिया बाबू केवट की पत्नी उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 बुढार के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रूपये, आरोपिया कल्लू चौधरी की पत्नी उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 बुढार के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रूपये एवं ग्राम बूढा में दबिश देकर आरोपी जमुना पिता सुबला प्रजापति उम्र 35 वर्ष निवासी बूडा चौकी केशवाही के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 900 रूपये मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

**समस्या**

तो....मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद ठंडे बस्ते में एक और महाविद्यालय खोले जाने की प्रक्रिया

# सीएम की घोषणा के बाद भी कालेज खोलने की फाइल अटकी




**राहुल मिश्रा, विजय मत, शहडोल।**

संभागीय मुख्यालय में एक कॉलेज खोले जाने की सीएम ने घोषणा तो कर दी है,लेकिन फाइल आगे नहीं बढ़ रही है।विद्यार्थियों को स्थानीय लोगों जल्द से जल्द से कॉलेज शुरू करने की मांग की है। इसका सबसे अधिक लाभ उन बच्चों को मिलेगा जो 40-50 किमी दूर से मुख्यालय पहुंचते हैं। यहां आने के बाद उन्हें 15 किमी दूर नवलपुर जाने के लिए या तो बस का इंतजार करना पड़ता है या फिर अन्य वाहन की व्यवस्था करनी पड़ती है।इस दौरान विद्यार्थियों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी ऐसी स्थित भी निर्मित होती है कि वाहन न मिलने के अभाव में छात्र-छात्राओं की ट्रेन छूट जाती है। इसके अलावा आदिवासी छात्र-छात्राओं को समुचित योजनाओं व सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। संभागीय मुख्यालय में महाविद्यालय खुल जाने से इन विद्यार्थियों की कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा, अब तक पहल नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 23 अगस्त 2023 को आयोजित कार्यक्रम के दौरान संभागीय मुख्यालय में एक और महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री को घोषणा किए हुए एक माह से अधिक समय बीत गया और अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी महाविद्यालय खोले जाने को लेकर चुप्पी साध रखी है। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी का ही दुष्परिणाम है कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को पिछले पांच वर्ष में एक को एड महाविद्यालय की सौगात नहीं मिल पाई।

### छात्र संख्या व विषयों की मांगी थी जानकारी

पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद शासकीय इंदिरा गांधी गृह विज्ञान कन्या अग्रणी महाविद्यालय प्रबंधन से विधिवत जानकारी चाही गई थी, जिसमें मुख्यालय के आस-पास हायर सेकेण्ड्री विद्यालय व उसमें दर्ज छात्र-छात्राओं की संख्या, आस-पास अन्य महाविद्यालयों की दूरी, किन-किन विषयों का संचालन होना चाहिए सहित अन्य जानकारियां अग्रणी महाविद्यालय प्रबंधन ने उच्च शिक्षा विभाग को उसी समय भेज दी थी।

### छात्रों को ऐसे नुकसान


अभिभावकों ने बताया कि शहर में संचालित कॉलेज में दो हजार से ज्यादा की संख्या में छात्र पढ़ाई करते हैं। शासकीय महाविद्यालय नहीं होने के कारण अभिभावकों को प्रवेश शुल्क से लेकर परीक्षा शुल्क व अन्य फीस मिलाकर सालभर में एक छात्र के पीछे ही हजारों रूपए का नुकसान होता है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण जरूरी है कि ऐसे वर्ग के बच्चों को सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाए जाने के लिए यहां शासकीय महाविद्यालय खोला जाए।

### शुल्क में मिलेगी राहत, नहीं आएगा बोझ

महाविद्यालय खोला जाता है तो इससे सरकार पर भी ज्यादा बोझ नहीं आएगा। संपूर्ण अधोसंरचना पहले से ही है, सिर्फ इसके संचालन की प्रक्रिया पूरी करना है। पं. एसएन शुक्ल महाविद्यालय का पूरा स्टॉफ वर्तमान में विवि में सेवा दे रहा है। अब विश्वविद्यालय में स्टॉफ की नियुक्तियां भी हो गई हैं, ऐसे में पुराने स्टॉफ की वापसी से विवि का अध्यापन कार्य भी प्रभावित नहीं होगा। इसके अलावा महाविद्यालय संचालित होने से आदिवासी परिवार के बच्चों को फीस में भी काफी राहत मिलेगी।

# विवि ने किया नई दिल्ली के साथ एमओयू

## जनजातीय अध्ययन व शोध के क्षेत्र में नए आयामों पर कार्य करेगा



**विजय मत, शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्र के द्वारा टीआरकेसी नई दिल्ली (ट्राईबल रिसर्च एंड नॉलेज सेंटर) के साथ एक एम. ओ.यू.किया गया। यह एम.ओ. यू. जनजातीय प्रकोष्ठ राज भवन, मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार, विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर जी के मार्गदर्शन में किया गया। विश्वविद्यालय की ओर से कुल सचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी जी द्वारा एम. ओ. यू.पर हस्ताक्षर किए गए। विश्वविद्यालय जनजाति अध्ययन एवं विकास केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. चेतना सिंह, शोध समन्वयक डॉ. पूर्णिमा शर्मा, सह- समन्वयक डॉ उमा सिंह, की उपस्थिति में समस्त कार्रवाई विश्वविद्यालय के कुल सचिव कार्यालय में संपन्न की गई। विश्वविद्यालय ञक्र्यष्ट के साथ समन्वय कर जनजातीय अध्ययन व शोध के क्षेत्र में नए आयामों पर कार्य करेगा, जनजातीय समुदाय के सामाजिक ,सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक योगदान के प्रति भारतीय परिप्रेक्ष्य में समुचित दृष्टिकोण विकसित करने हेतु नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा। जनजातीय अस्तित्व जनजातीय गरिमा व जनजातीय संघर्ष की वास्तविक स्थिति से पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्र /शोधार्थी अवगत हो सकेंगे। अध्ययन केंद्र का उद्देश्य पूर्व स्थापित भ्रामक पश्चिमी दृष्टिकोण को भारतीय जनजातीय समुदाय की समृद्ध ज्ञान परंपरा के दृष्टिकोण से प्रतिस्थापित करना, जनजातीय शोध को भारतीय संदर्भ में मानकीय पद्धतियों से स्थापित करना है, जिसके लिए विश्वविद्यालय के समय-समय पर गोष्ठी ,व्याख्यान, कार्यशाला आदि का आयोजन करेगा । विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग, समाजशास्त्र एवं इतिहास विभाग में लगभग 12 शोधार्थी जनजातीय समुदाय से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं, वनस्पति विज्ञान विभाग में भी जनजाति समुदाय द्वारा पारंपरिक रूप से प्रयुक्त किए जाने वाली वनस्पतियों के औषधीय प्रयोग पर शोध किया जा रहा है। जनजाति अध्ययन ।एवं विकास केंद्र के माध्यम से, राज भवन के निर्देशों का पालन करते हुए पंडित शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय नए प्रतिमान स्थापित करने हेतु प्रतिबद्ध रहेगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com